U S
मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
TV उत्तरशक्ति NEWS
मुंबई
वर्ष: 8 अंक 195
गुरुवार, 29 जनवरी 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

# महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार को लेकर जा रहा प्लेन क्रैश, पांच लोगों की मौत

**मुंबई, 28 जनवरी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत पांच लोगों की बुधवार सुबह प्लेन क्रैश में हुई मौत मामले की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने शुरू कर दी है। हैदराबाद में हो रहे विंग्स इंडिया शो से एएआईबी के डीजी सीधे घटनास्थल पहुंचे। हादसे की जगह फोरेंसिक टीम भी पहुंची। हादसे से पहले क्या हुआ था? इसकी काफी हद तक जानकारी ब्लैक बॉक्स से मिलेगी। हादसे के बारे में कई सारे सवाल सामने आ रहे हैं।

नागर विमानन मंत्रालय का कहना है कि जांच के बाद ही पता लग सकेगा कि प्लेन क्रैश होने के क्या कारण रहे। प्लेन में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के अलावा कैप्टन सुमित कपूर, को-पायलट शांभवी पाठक, अजित पवार के पीएसओ विदिप जाघव और फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली थे। सभी की हादसे में मौत हो गई।

क्रैश से पहले पायलट को दिखाई नहीं दिया था बारामती एयरपोर्ट का रनवे नंबर-11 हादसे से पहले पायलट को एयरपोर्ट का रनवे नंबर-11 दिखाई नहीं दिया था। इसकी जानकारी पायलट ने एटीसी को भी दी थी। पायलट ने एक बार लैंड करने की कोशिश भी की थी। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। जिसके बाद पायलट दोबारा प्लेन को लैंड कराने की कोशिश कर रहे थे। उसी दौरान प्लेन क्रैश हो गया। दोनों पायलटों को अच्छा खास अनुभव था। जिसमें हादसे में मारे गए कैप्टन सुमित कपूर को 15 हजार घंटे और को-पायलट शांभवी पाठक को 1500 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस था। कैप्टन सुमित को लेकर जानकारों को कोई शक नहीं है कि उनकी तरफ से कोई गलती हुई होगी।

प्लेन क्रैश को लेकर कई थ्योरी सामने आ रही है। जिसमें पायलट की गलती या चूक से प्लेन क्रैश हुआ, प्लेन के इंजन फेल हुए, कोई तकनीकी खामी आई, जीपीएस स्पूफिंग जैसा कोई साइबर अटैक हुआ या फिर कोई साजिश? अधिकारियों का कहना है कि जब तक जांच पूरी ना हो जाए। तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता।

जांच के लिए अभी सारे विकल्प खुले हैं। हर एंगल को ध्यान में रखते हुए जांच की जाएगी। क्योंकि, प्लेन लैंडिंग के वक्त पहले पायलट ने रनवे दिखाई ना देने की बात कही थी। जबकि यहां विजिबिलिटी अच्छी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर पायलट को रनवे क्यों नहीं दिखाई दे रहा था। क्या, प्लेन के अपने इंटरनल सिस्टम में कोई खराबी आई या फिर कोई साइबर अटैक हुआ?

प्लेन रनवे नंबर-11 पर लैंड ही नहीं हुआ फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट असोसिएशन के प्रेजिडेंट सीएस रंधावा का कहना है कि सबसे बड़ी बात यह है कि जब प्लेन क्रैश हुआ। उस वक्त वह यहां के रनवे नंबर-11 को अप्रोच नहीं कर रहा था। मतलब साफ है कि उस वक्त भी पायलटों को रनवे की स्थिति क्लीयर नहीं थी।ऐसे में लगता है कि पायलट को विजिबिलिटी संबंधी कोई समस्या या फिर प्लेन का रेडार रनवे को अप्रोच ही नहीं कर पाया था। नतीजा, प्लेन रनवे के पास ही खेत में पड़े पत्थरों से टकराया गया और उसमें ब्लास्ट हो गया। अब सवाल यह है कि आखिर पायलट को लैंडिंग के वक्त भी रनवे ठीक से दिखाई क्यों नहीं दे रहा था? या फिर वह कन्फर्म था कि वह रनवे पर ही लैंड कर रहा है, जबकि वहां रनवे था ही नहीं।बारामती में एटीसी टावर में नहीं बल्कि मोबाइल वैन से चलता हैबारामती एयरपोर्ट पर कोई एटीसी टावर नहीं है। यहां एटीसी टावर के नाम पर एक मोबाइल वैन है। जिसमें रेडार लगे हुए हैं। यह एटीसी मोबाइल वैन पुणे एटीसी के संपर्क में रहती है। जो की प्लेन के लैंड और टेक ऑफ के वक्त पुणे एटीसी से कॉर्डिनेट करते हुए यहां हवाई जहाजों को ऑपरेट करती है। ऐसे में यह भी संभव है कि यह मोबाइल एटीसी वैन में बैठे एटीसी अधिकारी प्लेन के लैंडिंग के दौरान चीजों को ठीक से समझ ही नहीं पाए हों और प्लेन को लैंड करने के आदेश दे दिए गए हों। 15 साल पुराना था यह प्लेन यह छोटा प्लेन वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का लीयरजेट-45 प्लेन था। जिसे कनाडा की बॉम्बारडिया एयरोस्पेस ने बनाया था। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर वीटी-एसएसके है। डीजीसीए के मुताबिक, यह प्लेन 2020 में बना था। अंतिम बार इसका रिनिवल तीन अप्रैल 2023 को हुआ था। जो की 20 अप्रैल 2028 तक वैलिड था। इस कंपनी के बेड़े में शामिल 17 बिजनेस जेट में सात लेयरजेट-45, पांच एंबरेयर 135 बीजे, चार किंग एयर बी-200 और एक पिलाटस पीसी-12 प्लेन हैं। इस प्लेन का अंतिम सेफ्टी ऑडिट फरवरी 2025 में हुआ था। जिसमें पहले स्तर पर कोई खामी ना मिलने का दावा किया गया है।19 हजार फीट पर पहुंचने के बाद 2600 फुट पर टूट गया था एटीसी से संपर्क यह प्लेन अपनी लास्ट फ्लाइंग के दौरान अधिकतम 19 हजार फीट की उंचाई तक उड़ा था। इसके बाद जब यह बारामती एयरपोर्ट पर एक बार गो-अराउंड करने के बाद दूसरी बार लैंड करने का प्रयास कर रहा था। तब 2600 फुट की हाइट पर इसका संपर्क एटीसी से टूट गया था। इसके बाद प्लेन क्रैश हो गया।





डीजीसीए का कहना है कि इस प्लेन के पायलट ने बुधवार सुबह 8:18 बजे बारामती से संपर्क किया। इसके बाद पुणे अप्रोच ने प्लेन को लैंड करने की परमिशन दे दी। उन्हें पायलट के विवेकानुसार दिखाई दे रहे मौसम संबंधी परिस्थितियों में उतरने की सलाह दी गई। चालक दल ने हवाओं और दृश्यता के बारे में पूछताछ की थी। जिसमें उन्हें बताया गया कि हवाएं शांत हैं और दृश्यता लगभग 3000 मीटर है। अंतिम बार पायलट ने क्या कहा था पायलट ने एटीसी से अंतिम बार कहा था कि उन्हें रनवे अभी दिखाई नहीं दे रहा है, रनवे दिखाई देने पर सूचित करेंगे। इसके कुछ सेकंड बाद ही पायलट ने सूचना दी कि उन्हें रनवे दिखाई दे रहा है। इसके बाद सुबह 8:43 बजे प्लेन को रनवे नंबर-11 पर लैंड करने की अनुमति दे दी गई। लेकिन पायलट की तरफ से कोई रीडबैक यानी एटीसी को जवाब दिया गया। फिर एक मिनट बाद ही 8:44 बजे एटीसी ने रनवे 11 के थ्रेशहोल्ड के पास प्लेन क्रैश हो गया।

## विमान दुर्घटना में अजित पवार की मृत्यु के मामले में जांच होगी: एकनाथ शिंदे

**मुंबई, 28 जनवरी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को विमान हादसे में अपने सहयोगी उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जिस विमान दुर्घटना में पवार की जान गई, उसकी जांच की जाएगी।

शिंदे ने पत्रकारों से बातचीत में पवार के योगदान की सराहना की, जिन्होंने विभिन्न मंत्रिमंडलों में उनके सहयोगी के रूप में कार्य किया और 2022 से 2024 तक शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री भी रहे।

उन्होंने कहा, यह बहुत पीड़ादायक घटना है... महाराष्ट्र के लिए बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। विमान दुर्घटना की जांच की जाएगी। शिंदे ने कहा, यह क्षति केवल पवार परिवार की नहीं बल्कि पूरे राज्य की है। ऐसा लग रहा है जैसे मैंने अपने बड़े भाई को खो दिया हो।



अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह पुणे जिले में विमान दुर्घटना में 66 वर्षीय पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई। शिंदे ने कहा कि पवार का मन शुद्ध था और वह साफगोई से बात रखने वाले निडर नेता थे जिनकी प्रशासन पर अच्छी पकड़ थी। उन्होंने याद किया कि मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान जब उन्होंने (2024 में) लाडकी बहिन योजना शुरू करने का निर्णय लिया था तो कैसे तत्कालीन वित्त मंत्री पवार ने योजना के मद में वित्तीय व्यवस्था की थी, जिसके तहत राज्य की महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। शिंदे ने कहा, हमने (शिंदे, पवार और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने) एक टीम के रूप में काम किया।

## कोलकाता के गोदाम में लगी आग में 16 लोगों की मौत, 13 लापता, बचाव अभियान जारी

**कोलकाता, 28 जनवरी।** कोलकाता के आनंदपुर इलाके में एक गोदाम में लगी आग से कम से कम 16 जले हुए शव बरामद किए गए हैं। अधिकारी अभी भी लापता कम से कम 13 लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं। इस आपदा के बाद आपातकालीन सेवाओं द्वारा बड़े पैमाने पर राहत कार्य शुरू किया गया है। अधिकारियों ने शवों की पहचान करने और त्रासदी से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के प्रयासों की पुष्टि की है। तड़के गोदाम में आग लग गई, जो वहां बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री रखे होने के कारण तेजी से फैल गई। दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर पुलिस जिले के पुलिस सूत्रों के अनुसार, इमारत के अंदर अभी भी जली हुई हड्डियों के टुकड़े मौजूद हैं, जो तबाही की भयावहता को दशार्ते हैं।



स्थानीय लोगों के अनुसार, गोदाम में सूखा खाद्य पदार्थ रखा जाता था। सोमवार तड़के करीब 3 बजे आग लगी और पैकेटबंद सूखे खाद्य पदार्थों और कोल्ड ड्रिंक की बोतलों जैसी ज्वलनशील सामग्री के भंडारण के कारण तेजी से फैल गई। घटना के बाद मंत्री अरूप बिस्वास, सांसद सैनी घोष और सुजीत बोस ने घटनास्थल का दौरा किया। कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मैं आज यहां आया हूं। यह एक बेहद दुखद घटना है। कई लोगों की जान चली गई है। आग बहुत भीषण थी। दमकल विभाग और पुलिस आग लगने के कारणों और स्रोत की जांच कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि पहचान स्थापित करने के लिए फोरेंसिक टीमों ने बरामद शवों की जांच शुरू कर दी है। पहचान में अभी भी चुनौतियां हैं, इसलिए गुमशुदा व्यक्तियों की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और अधिकारी परिजनों के रक्त नमूनों से डीएनए परीक्षण कराने की तैयारी कर रहे हैं। अदालत की मंजूरी के बाद यह प्रक्रिया शुरू होने वाली है। पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रत्येक पीड़ित परिवार के लिए 10 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। मेयर फिरहाद हकीम ने पुष्टि करते हुए कहा, ्मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि डीएनए परीक्षण के माध्यम से पहचान की पुष्टि होने के बाद मुआवजा वितरित किया जाएगा।

## बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**ओडिशा।** ओडिशा के मयूरभंज जिले की एक अदालत ने 2022 में 63 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार करने के आरोप में एक व्यक्ति को बुधवार को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक मनरंजन पटनायक ने बताया कि विशेष न्यायाधीश संतोष कुमार नायक ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। उन्होंने बताया कि अदालत ने जिला विधि सेवा प्राधिकरण को पीड़ित को मुआवजे के तौर पर दो लाख रुपये का भुगतान करने का भी निर्देश दिया है। पुलिस ने बताया कि दो सितंबर, 2022 को पीड़िता एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मोराडा पुलिस थाना क्षेत्र स्थित अपने घर लौट रही थी, तभी आरोपी उसे पास की झाड़ियों में घसीटकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## ळी ’ल्लॅल्लं में साइबर अपराधों से जुड़े मामलों में छह लोग गिरफ्तार

**तेलंगाना।** तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) ने साइबर अपराधों की जांच के तहत केरल और बेंगलुरु के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपियों में पांच ऐसे म्यूल खाताधारक शामिल हैं जिन्होंने कमीशन लेकर अपने बैंक खातों को मुख्य जालसाजों को उपयोग करने के लिए उपलब्ध कराया। इन खातों का उपयोग साइबर अपराधों के माध्यम से प्राप्त धन के लेन-देन में किया गया। जबकि इसमें एक एजेंट भी शामिल है। म्यूल खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं जिसका इस्तेमाल अपराधी, खाताधारक की जानकारी से या जानकारी के बगैर, अवैध धन प्राप्त करने, धन अंतरित करने या उसे वैध बनाने के लिए करते हैं। तेलंगाना में दर्ज तीन मामलों के सिलसिले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जो मुख्य जालसाजों द्वारा किए गए डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी और ऑनलाइन ट्रेडिंग धोखाधड़ी से संबंधित थे।

## फारूक अब्दुल्ला ने अजीत पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर राष्ट्रीय सम्मेलन (जेकेएनसी) के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इस घटना को दुखद बताया। मीडिया से बात करते हुए अब्दुल्ला ने जोर देकर कहा कि पवार के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह वाकई दुखद खबर है। आज सुबह जब मैंने यह सुना, तो मुझे लगा कि महाराष्ट्र के एक महान सपूत, जिन्होंने महाराष्ट्र की किस्मत बदलने की कोशिश की, आज विमान दुर्घटना में दुनिया से विदा हो गए।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन भारतीय रेल की बड़ी उपलब्धि : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली, 28 जनवरी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए असम के कामाख्या और पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बीच हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सराहना की और इसे भारतीय रेल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

राष्ट्रपति ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की सेवा करने वाली भारतीय रेल 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य के बेहद करीब पहुंच चुकी है। उन्होंने दिल्ली और मिजोरम की राजधानी आइजोल के बीच सीधे रेल संपर्क का भी उल्लेख किया, जिसे राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया।



राष्ट्रपति ने कहा कि जब यह ट्रेन पहली बार आइजोल पहुंची, तो स्थानीय लोगों में दिखी खुशी और उत्साह ने पूरे देश को गर्व और आनंद से भर दिया। भारतीय रेल की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। इनमें दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च ब्रिज, चिनाब पुल और तमिलनाडु का पंबन पुल शामिल हैं। उन्होंने वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत की सराहना करते हुए कहा कि आज देशभर में 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनों का नेटवर्क संचालित हो रहा है, जो जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक फैला हुआ है।






# अजित पवार: आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के दादा-पुरुष


-ललित गर्ग

यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है।

अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके



पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोड़ना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी। 1991 अजित पवार के राजनीतिक जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दर्शाता है। उसी वर्ष बारामती से लोकसभा के लिए निर्वाचित होना उनके बढ़ते कद का प्रमाण था, लेकिन उन्होंने यह सीट अपने चाचा शरद पवार के लिए छोड़ दी। यह फैसला केवल पारिवारिक निष्ठा का नहीं, बल्कि राजनीतिक दूरदृष्टि का भी उदाहरण था। इसके बाद विधानसभा में प्रवेश और फिर लगातार बारामती से जीत ने उन्हें जनाधार का वह आधार दिया, जिसे महाराष्ट्र की राजनीति में विरले ही कोई चुनौती दे सका। अजित पवार को सत्ता के गलियारों में पहुंचाने वाली सबसे बड़ी विशेषता उनकी प्रशासनिक पकड़ थी। कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे कठिन और संवेदनशील विभागों को संभालते हुए उन्होंने विकास और विवाद दोनों को नजदीक से जिया। जल संसाधन मंत्री के रूप में कृष्णा घाटी और कोकण सिंचाई परियोजनाओं से उनका नाम जुड़ा। इन परियोजनाओं ने जहां किसानों के लिए पानी और उम्मीद का संदेश दिया, वहीं आलोचनाओं और आरोपों का बोझ भी उनके कंधों पर रखा। इसके बावजूद वे उन नेताओं में रहे जो फाइलों से नहीं, फैसलों से पहचाने जाते थे।

उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका सफर महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनोखा अध्याय है। छह बार इस पद तक पहुंचना केवल राजनीतिक संयोग नहीं था, बल्कि सत्ता संतुलन, गठबंधन राजनीति और संगठनात्मक ताकत का परिणाम था। वे सरकार में अक्सर संकटमोचक की भूमिका में दिखे। बजट, वित्तीय प्रबंधन और संसदीय रणनीति में उनकी पकड़ ऐसी थी कि विरोधी भी उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर पाते थे। उन्हें महत्वाकांक्षी कहा गया, कभी-कभी कठोर और रूखे स्वभाव का नेता भी बताया गया, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता की वास्तविकता को वे भावनाओं से नहीं, निर्णयों से देखते थे। विवाद उनके राजनीतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे। सिंचाई घोटाले से लेकर बयानबाजी तक, कई मौके ऐसे आए जब उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगे। ह्लअगर बांध में पानी नहीं है तो क्या पेशाब करके भरें?ह्व जैसे बयान ने उन्हें आलोचनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया। उन्होंने माफी भी मांगी, सफाई भी दी और समय के साथ उन विवादों से उबरते हुए फिर सत्ता के शीर्ष पर लौटे। यह उनकी राजनीतिक जिजीविषा का प्रमाण था कि आलोचना और आरोप उन्हें रोक नहीं पाए। शरद पवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी हमेशा चर्चाएं रहीं। कभी मतभेद, कभी दूरी और कभी सियासी अलग राह की अटकलें। लेकिन अजित पवार स्वयं को हमेशा शरद पवार का अनुयायी बताते रहे। उन्हें मिला ह्लदादाह्व का संबोधन केवल पारिवारिक नहीं था, बल्कि वह एक राजनीतिक ब्रांड बन चुका था, जो उनके समर्थकों में भरोसे और नेतृत्व की भावना जगाता था। वे संगठनकर्ता भी थे और प्रशासक भी, रणनीतिकार भी और जमीनी नेता भी। उन्हें अपनी विविध आयामी भूमिकाओं से अपने को मिले ह्यदादाह्व के अलंकरण को सार्थक भी किया और जीवंतता भी दी। उनका असामयिक निधन एक क्रूर विडंबना है। जिस नेता ने दशकों तक सत्ता की उड़ान भरी, उसकी जीवन यात्रा एक विमान हादसे में थम गई। कहा जाता है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले तक वे पूरी तरह सक्रिय थे, योजनाओं, बैठकों और राजनीतिक समीकरणों में व्यस्त। यह अचानक आई मृत्यु उस अनिश्चितता को रेखांकित करती है, जो सत्ता और जीवन दोनों के साथ जुड़ी है। अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निमार्ता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे राजनीतिक सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ एवं साहसिक व्यक्तित्व थे। बेशक अजित पवार अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने जुझारु राजनीति जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति एवं राष्ट्रवादी सोच के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे।

आज जब महाराष्ट्र और देश उनके निधन पर शोकाकुल है, तब अजित पवार का मूल्यांकन केवल प्रशंसा या आलोचना के तराजू पर नहीं किया जा सकता। वे विवादों से घिरे रहे, लेकिन उनसे परिभाषित नहीं हुए। उनकी राजनीति कठोर थी, लेकिन उसमें अनुभव की गहराई थी। वे लोकप्रियता से अधिक प्रभाव में विश्वास रखते थे। शायद यही कारण है कि उनके जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसा सन्नाटा है, जिसे शब्दों में बांधना कठिन है। अजित पवार का जीवन यह सिखाता है कि राजनीति केवल भाषणों और नारों से नहीं चलती, बल्कि निर्णय, जोखिम और जिम्मेदारी से चलती है। उनका जाना एक चेतावनी भी है और एक स्मृति भी, क्योंकि सत्ता क्षणभंगुर है, लेकिन अनुभव और प्रभाव लंबे समय तक याद किए जाते हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में ह्लदादाह्व के नाम से पहचाना जाने वाला यह व्यक्तित्व अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है, लेकिन उसकी छाया आने वाले वर्षों तक राज्य की राजनीति पर बनी रहेगी।

# बजट 2026-27: राहत, रोजगार और भरोसे के बीच भारत की आर्थिक दिशा की अग्निपरीक्षा


-सुरेश गांधी

हर साल फरवरी का पहला सप्ताह देश की आर्थिक नब्ज टटोलने का समय होता है। संसद में पेश होने वाला आम बजट सिर्फ. सरकार की आय-व्यय तालिका नहीं होता, बल्कि यह उस सोच का आईना होता है, जिससे आने वाले वर्षों का भारत गढ़ा जाना है। बजट 2026झ27 भी इसी कसौटी पर खड़ा है—जहाँ एक ओर वैश्विक अनिश्चितताओं का दबाव है, तो दूसरी ओर देश के भीतर महंगाई, रोजगार, आय असमानता और विकास की आकांक्षाएँ। यह बजट ऐसे समय आ रहा है जब भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, लेकिन आम आदमी की जेब अब भी हल्की महसूस हो रही है। ऐसे में सवाल यही है—क्या यह बजट सिर्फ. आर्थिक वृद्धि के आंकड़े गिनाएगा या उस वृद्धि को आम जीवन में महसूस कराने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा?

सरकारी दावों के मुताबिक भारत की जीडीपी वृद्धि दर दुनिया में अग्रणी बनी हुई है। इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल अर्थव्यवस्था और निवेश के मोर्चे पर भारत ने बीते वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। लेकिन इसके समानांतर एक सच्चाई यह भी है कि: महंगाई ने घरेलू बजट बिगाड़ा है, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च लगातार बढ़ा है, रोजगार के अवसर अपेक्षा के अनुरूप नहीं बढ़े मध्यम वर्ग पर कर और कर्ज.दोनों का दबाव है. इसी दोहरी सच्चाई के बीच बजट 2026झ27 से यह अपेक्षा है कि वह आंकड़ों की सफलता और जमीनी सच्चाई के बीच की दूरी को पाटने का प्रयास करेगा।

किसी भी बजट की सफलता का पैमाना शेयर बाजार की प्रतिक्रिया से नहीं, बल्कि रसोई और घर के खर्च से तय होता है। आम आदमी के लिए बजट का मतलब सीधा है—क्या इस साल ज़िंदगी थोड़ी आसान होगी? बीते वर्षों में मध्यम वर्ग वह तबका रहा है जिसने कर भी दिया, खर्च भी किया और अर्थव्यवस्था को संभाले रखा। लेकिन बदले में उसे राहत कम और दबाव ज्यादा महसूस हुआ। इस बजट से मध्यम वर्ग को उम्मीद है: आयकर स्लैब में वास्तविक सुधार, स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी, नई कर व्यवस्था को और सरल व आकर्षक बनाना, स्वास्थ्य बीमा और शिक्षा खर्च में कर राहत. यदि सरकार इन मोर्चों पर ठोस कदम उठाती है, तो इसका सीधा असर खपत पर पड़ेगा। जब जेब में पैसा बचेगा, तो बाजार चलेगा—और बाजार चलेगा, तो उद्योग भी आगे बढ़ेगा।

महंगाई आज सिर्फ. आर्थिक नहीं, सामाजिक मुद्दा बन चुकी है। दूध, दाल, सब्जी, दवा और शिक्षा—हर चीज महंगी हुई है। लेकिन आमदनी उसी रफ्तार से नहीं बढ़ी। बजट से अपेक्षा है कि आवश्यक वस्तुओं पर कर भार कम हो. आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जाए. ईंधन और परिवहन लागत को नियंत्रित करने के उपाय हों. महंगाई पर नियंत्रण न सिर्फ. आर्थिक स्थिरता, बल्कि सामाजिक संतोष के लिए भी जरूरी है। भारत युवा देश है, लेकिन यह युवा शक्ति तभी वरदान बनेगी जब उसे अवसर मिलें। आज की सबसे बड़ी चिंता यही है कि पढ़ाई के बाद नौकरी कहाँ है?

अब तक के बजटों में स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों का ज़िक्र हुआ है, लेकिन जमीनी असर सीमित रहा है। बजट 2026-27 से उम्मीद है कि: एमएसई सेक्टर को वास्तविक प्रोत्साहन. स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मैन्युफैक्चरिंग में बड़े पैमाने पर निवेश. स्टार्टअप्स के लिए टैक्स और फंडिंग में सहूलियत. जब तक छोटे और मध्यम उद्योग मजबूत नहीं होंगे, तब तक बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा नहीं हो सकता। भारत की आत्मा आज भी गांवों में बसती है। किसान अगर परेशान है, तो शहर भी चैन में नहीं रह सकता। खेती : लागत, दाम और सम्मान. किसान की समस्या सिर्फ. उत्पादन की नहीं, बल्कि लागत और उचित मूल्य की है। बजट से अपेक्षा है : कृषि निवेश बढ़े. सिंचाई और भंडारण पर जोर. फसल बीमा और समर्थन मूल्य को मजबूती. ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विस्तार : ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जान आएगी, तो देश की समग्र मांग भी बढ़ेगी। महिलाएं: अर्थव्यवस्था की अनदेखी ताकत. महिला सशक्तिकरण अब सिर्फ. सामाजिक मुद्दा नहीं, बल्कि आर्थिक अनिवार्यता है। जब महिलाएं कमाती हैं, तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है।

महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन. स्वयं सहायता समूहों के लिए आसान कर्ज. कामकाजी महिलाओं के लिए सुविधाएं. स्वास्थ्य और मातृत्व सेवाओं में निवेश. यह निवेश सिर्फ. खर्च नहीं, बल्कि भविष्य की पूंजी है। कोविड ने यह साफ कर दिया कि स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत न हो, तो अर्थव्यवस्था भी चरमरा जाती है। शिक्षा के बिना कौशल और रोजगार की कल्पना भी अधूरी है। शिक्षा में गुणवत्ता सुधार. डिजिटल शिक्षा और ग्रामीण स्कूलों पर फोकस. यह खर्च नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की बुनियाद है।उद्योग जगत बजट से सिर्फ. रियायत नहीं, बल्कि स्थिर और स्पष्ट नीति चाहता है।इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश : सड़क, रेलवे, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा—ये वो क्षेत्र हैं जहाँ निवेश से सीधा रोजगार और विकास मिलता है। बजट से अपेक्षा है कि: पूंजीगत व्यय में निरंतरता. निजी निवेश को आकर्षित करने के उपाय. निर्यात को बढ़ावा. एमएसएमई और स्टार्टअप. एमएसएमई देश की रीढ़ हैं, लेकिन कर्ज. और नियमों के बोझ से जूझ रहे हैं। बजट अगर इन्हें सांस लेने की जगह देता है, तो अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिल सकती है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। बजट से उम्मीद है कि: टेक्नोलॉजी स्टार्टअप्स को सहारा, साइबर सुरक्षा और डेटा नीति में स्पष्टता, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार. सरकार के सामने चुनौती है—राहत भी देनी है और घाटा भी नहीं बढ़ाना। यह संतुलन आसान नहीं, लेकिन यहीं वित्तीय प्रबंधन की परीक्षा है। बजट 2026झ27 सिर्फ. एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि यह तय करेगा कि आने वाले वर्षों में भारत की विकास यात्रा कितनी समावेशी होगी। अगर यह बजट आम आदमी की राहत, युवाओं के रोजगार, किसानों की मजबूती और उद्योग के भरोसे—इन चारों को साध पाता है, तो यह याद रखा जाएगा। लेकिन अगर यह केवल आंकड़ों और घोषणाओं तक सीमित रह गया, तो यह भी उम्मीदों की लंबी सूची में एक और नाम बनकर रह जाएगा। देश को आज ऐसे बजट की जरूरत है, जो सिर्फ. विकास की बात न करे, बल्कि विकास को घर-घर तक पहुँचाए।

**भारत एक बार फिर बजट के उस मोड़ पर खड़ा है, जहाँ उम्मीदें भी हैं और आशंकाएँ भी। बजट 2026-27 सिर्फ. आय-व्यय का ब्योरा नहीं, बल्कि यह तय करने वाला दस्तावेज है कि महंगाई से जूझता आम आदमी, रोजगार की तलाश में भटकता युवा, लागत और दाम के दबाव में किसान और निवेश का रास्ता देखता उद्योग—सबके हिस्से में कितनी राहत आएगी। तेज आर्थिक वृद्धि के दावों के बीच जमीनी हकीकत यह है कि जेब पर दबाव बढ़ा है और भरोसा डगमगाया है। ऐसे में इस बजट से कर राहत, रोजगार सृजन, ग्रामीण मजबूती और उद्योग को स्पष्ट नीतिगत संकेत की उम्मीद है। सरकार के सामने चुनौती है—राजकोषीय संतुलन बनाए रखते हुए विकास को समावेशी बनाना। यह बजट तय करेगा कि विकास सिर्फ. आंकड़ों में रहेगा या आम जीवन में महसूस भी होगा..**

# मुंह में नाम भगवान का और दिल में नफरत का जहर?



पूरे देश को नफरत की आग में झोंकने की कोशिश में लगे अराजक तत्वों का एक और नफरती एजेंडा पिछले दिनों उस समय सामने आया जबकि गत 24 जनवरी को उत्तराखंड में राजधानी देहरादून के निकट मसूरी के बाला हींसार क्षेत्र में वाइनबर्ग एलेन स्कूल में स्थित सूफी संत फकीर व प्रसिद्ध कवि बाबा बुल्ले शाह की लगभग 100 वर्ष पुरानी मुख्य मजार सहित वहां मौजूद दो अन्य मजारों को भी कुछ अराजक तत्वों ने हथौड़े, सब्बल और लोहे की रॉड आदि का प्रयोग कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। इन अवांछित तत्वों ने वहां मौजूद कई धार्मिक ग्रंथों व पुस्तकों को फाड़ा। वहां मौजूद दानपेटी तोड़कर उसकी नकदी लूटी। बुल्ले शाह सहित अन्य कई संतों फकीरों के चित्र फाड़े। इतना ही नहीं बल्कि उस पवित्र परिसर में शौच कर इन आतताइयों ने अपने 'संस्कारों' का भी परिचय दिया। इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में वायरल वीडीओ में सुनाई व दिखाई दे रहा है कि जिस समय यह उपद्रवी तोड़ फोड़ कर रहे थे उस समय वे अभद्र गालियाँ भी बक रहे थे साथ ही जय श्री राम व जय हनुमान के नारे भी लगा रहे थे। गोया साफ है कि यह उसी मानसिकता व उसी विचारधारा के मुट्ठी भर लोग थे जिन्होंने अपने ऐसे ही नफरती व विषाक्त एजेंडों से भारतीय समाज को बेचैन कर रखा है। यहाँ एक बात यह भी काबिल - ए -गौर है कि उत्तराखंड में यह घटना उस दौरान घटी है जबकि राज्य में इन दिनों 19 वर्षीय रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या को लेकर फिर से उबाल आया हुआ है। गौरतलब है कि अंकिता भंडारी की 18 सितंबर 2022 को उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित एक रिजॉर्ट में हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद उसके शव को चीला नहर में फेंक दे दिया गया था जो क्षत विक्षत अवस्था में सात दिन बाद बरामद हुआ था। इस काण्ड में मुख्य आरोपी के रूप में आर एस एस व भाजपा से संबंध रखने वाले राज्य के पूर्व मंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य के अतिरिक्त सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के नाम हैं जिन पर अंकिता भंडारी से बलात्कार करने व बाद में उसकी हत्या किये जाने का आरोप है। पिछले दिनों इस मामले में एक बार फिर उस समय उबाल आ गया जब अंकिता को न्याय दिलाने की मांग करने वाले पत्रकार आशुतोष नेगी को उत्तराखंड पुलिस द्वारा गिरफ़्तार किया गया। इसके बाद श्रीनगर गढ़वाल में अंकिता के परिजनों ने धरना शुरू किया, सरकार के पुतले फूंके गए और सोशल मीडिया पर आक्रोश फैल गया और अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने हेतु देहरादून से दिल्ली तक प्रदर्शन होने लगे। यह मामला इन दिनों उत्तराखंड की सियासत में गरमाया हुआ है, जहां सरकार पर बड़े नेताओं को बचाने के आरोप लग रहे हैं। इसी संबंध में गत 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद का आह्वान भी हुआ। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 8 जनवरी 2026 को अंकिता भंडारी बलात्कार व हत्या मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश भी कर दी। इन परिस्थितियों में यह भी माना जा रहा है कि उत्तराखंड सरकार तथा संघ व भाजपा नेताओं के हत्या व बलात्कार के आरोपों के इसी कलंक से पीछा छुड़ाने की कोशिश के परिणामस्वरूप भी यह घिनौना खेल खेला जा सकता है। यानी अंकिता भंडारी मामले की ओर से जनता का ध्यान हटाने की गरज से ही देहरादून में बाबा बुल्ले शाह की मजार में तोड़फोड़ की गयी हो ?

रहा सवाल प्रसिद्ध पंजाबी सूफी संत और कवि बुल्ले शाह का, तो वे प्रायः कर्मकांडों की निष्फलता और प्रेम के महत्व को ही अपनी शायरी में व्यक्त किया करते थे। उनकी रचनाएँ सूफी दर्शन की मिसाल पेश करने के साथ साथ मानवता, एकता और भेदभाव के खंडन पर केंद्रित हैं। जिसमें बाहरी विद्या या रूढ़ियों के बजाय हृदय की भक्ति प्रधान थी। उनकी प्रमुख रचनाएँ काफियाँ हैं, जो मूलतः पंजाबी भाषा में होने के बावजूद सभी धर्मों में स्वीकृत हैं। बुल्ले शाह ने हमेशा रूह ( आत्मा )को एक ही मानते हुये हमेशा ही हिंदू-मुस्लिम भेदभाव का विरोध किया। यही वजह है कि उनकी कविताएँ सूफीवाद की मूल भावना अर्थात एकेश्वरवाद, फकीरी व प्रेमपंथ को दर्शाती हैं,और निश्चित रूप से यही शिक्षा किसी इंसान को कट्टरपंथी सोच से बचाती हैं। यही वजह है कि कट्टरपंथियों को संतों व फकीरों की सद्भाव की भाषा और विचार पसंद नहीं आते। अन्यथा क्या वजह है कि इसी विषाक्त मानसिकता के लोग कभी मस्जिद में तोड़ फोड़ करते हैं तो कभी दरगाहों में, कभी चर्च पर हमला व तोड़फोड़ तो कभी बुद्ध, गाँधी व अंबेडकर जैसे महापुरुषों की मूर्ति खंडित करते हैं। यही उत्पाती लोग कभी मस्जिद के सामने भीड़ इकट्ठी कर शोर शराबा कर दूसरे समाज के लोगों को उकसाने का काम करते हैं तो कभी अपनी हिंसक गतिविधियों से किसी शांतिपूर्ण धार्मिक जुलूस को भी उपद्रवी भीड़ में बदल देते हैं। कभी धर्म या जाति देखकर इन्हीं नफरती उपद्रवियों की टोली किसी बेगुनाह व्यक्ति को पीट पीटकर मार देती है।

बुल्ले शाह की ही तरह संत कबीर दास भी एक महान कवि व सुधारक थे जिनके प्राकट्य दिवस के अवसर पर 8 वर्ष पूर्व यानी 28 जून 2018 को प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश में मगहर स्थित संत कबीर की समाधि स्थल पर पहुंचकर उनकी मजार पर चादर चढ़ाई थी और वहां अपना माथा टेका था। वहां मोदी ने कबीर की शिक्षाओं को याद करते हुये कहा भी था कि ‟संत कबीर जाति में विश्वास नहीं करते थे, वह मानते थे कि हर कोई बराबर है। हम कबीर के बुद्धिपरक संदेश को जनता तक ले जाएंगे और 'न्यू इंडिया' को आकार देंगे″। जात पात पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि को होय जैसी प्रसिद्ध लोकप्रिय व प्रचलित पंक्ति के रचयिता भी संत कबीर की हैं। परन्तु यह बात भी समझ से परे है कि एक ओर तो नरेंद्र मोदी न केवल कबीर की समाधी पर चादर चढ़ाते हैं बल्कि अजमेर सहित और भी कई दरगाहों पर चादरें भेजकर अपनी हाजिरी लगते हैं। परन्तु दूसरी ओर इसी विचारधारा से जुड़े लोग उसी संत व फकीरी के सिलसिले से नफरत करते दिखाई देते हैं। आखिर यह कैसा विरोधाभासी 'न्यू इंडिया ' है ?

ऐसी तमाम खबरें सामने आती रहती हैं जिनमें इसी नफरती मानसिकता के चंद चिंटू कभी साईं बाबा जैसे महान संत का विरोध व उनका अपमान करते दिखाई दे जाते हैं तो कभी गुग्गा माड़ी के भक्तों को पूजा पद्धति सिखाने पहुँच जाते हैं। नफरत के इन सौदागरों को किसी संत फकीर की सद्भावना पूर्ण शिक्षाओं या उसके शांति व प्रेम पूर्ण सन्देश से नहीं बल्कि उसकी धर्म जाति से वास्ता होता है। आज बुल्लेशाह मुसलमानों में कम बल्कि प्रत्येक उस समाज में ज्यादा लोकप्रिय हैं जो उदारवादी है,जो अंधविश्वास और अंधभक्ति के विरुद्ध है जो पाखंड व आडंबरों को पसंद नहीं करता। आज पूरे विश्व में उनकी मान्यता व लोकप्रियता उनकी शिक्षाओं के कारण है। वास्तव में मुंह में भगवान का नाम और दिल में नफरत का जहर रखने वाले विद्वेषपूर्ण मानसिकता के इन चिंटुओं की तो औकात ही नहीं कि वे बुल्लेशाह जैसे मानवतावादी संतों के नाम को मिटा भी सकें।

# सरल नहीं पर प्रभावशाली थे, आदर्शवादी नहीं पर निर्णायक थे अजित पवार




महाराष्ट्र की राजनीति को आज तब गहरा आघात लगा जब उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया। लैंडिंग के दौरान विमान में आई तकनीकी खराबी के बाद यह दुर्घटना हुई। हादसे की खबर फैलते ही राज्य भर में शोक की लहर दौड़ गई। देखा जाये तो अजित पवार महाराष्ट्र के उन नेताओं में थे जिन्होंने सत्ता के केंद्र में रहते हुए भी जमीन से नाता नहीं तोड़ा। वह भले ही कभी मुख्यमंत्री न बने हों, लेकिन राज्य में सबसे लंबे समय तक उपमुख्यमंत्री रहने का इतिहास उनके नाम दर्ज है। छह बार उपमुख्यमंत्री के रूप में सेवा देने वाले अजित पवार ने अलग-अलग सरकारों में अपनी प्रशासनिक पकड़ और राजनीतिक प्रभाव बनाए रखा। बारामती में अजित पवार की राजनीति का सबसे बड़ा प्रमाण उनका काम खुद था। वह उन गिने चुने नेताओं में थे जिनके लिए अपना खुद का चुनाव प्रचार एक औपचारिकता भर था। विधानसभा चुनावों में वह हमेशा समय पर अपना नामांकन दाखिल करते थे, लेकिन उसके बाद बारामती की गलियों में शायद ही कभी उन्हें प्रचार करते देखा गया। जनता जानती थी कि किसे वोट देना है, इसलिए जनता ही उनका प्रचार करती थी। अजित पवार का भरोसा नारों पर नहीं, काम पर था। इसी आत्मविश्वास के चलते वह बारामती से निश्चिंत रहकर राज्य के दूसरे इलाकों में पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में जुट जाते थे। बारामती उनके लिए सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र नहीं था, वह उनका कर्मक्षेत्र था, जहां उन्होंने यह साबित किया कि जब विकास बोलता है तो नेता को खुद बोलने की जरूरत नहीं पड़ती।

अजित पवार ने 1982 में सहकारी क्षेत्र से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। वह चीनी मिल के बोर्ड में चुने गए और यहीं से बारामती की राजनीति में उनकी जड़ें मजबूत होती गईं। 1991 में वह पुणे जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष बने और उसी वर्ष बारामती से लोकसभा सांसद चुने गए। बाद में उन्होंने यह सीट शरद पवार के लिए खाली की। इसके बाद वह बारामती से सात बार विधायक बने। उनके परिवार में पत्नी सुनेत्रा पवार और दो पुत्र जय और पार्थ हैं। सहकार से सत्ता तक का उनका सफर बारामती से शुरू हुआ और वहीं समाप्त हुआ।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन के बाद अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को चुनाव आयोग ने पार्टी का मूल नाम और चुनाव चिन्ह सौंपा था। यह गुट भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति के साथ जुड़ा। वहीं उनके चाचा और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने अलग रह कर एनसीपी-एससीपी का नेतृत्व संभाला। यह विभाजन महाराष्ट्र की राजनीति का सबसे भावनात्मक और निर्णायक मोड़ माना गया। दोनों पक्षों का विवाद अदालत के दरवाजे तक पहुँचा लेकिन हाल के दिनों में पवार परिवार एकजुट नजर आ रहा था। हम आपको याद दिला दें कि 2024 के लोकसभा चुनावों में अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को अपनी चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ उतार कर पारिवारिक और राजनीतिक रिश्तों में तीखापन ला दिया था, लेकिन समय के साथ उन्होंने यह स्वीकार किया था कि वह फैसला एक भूल था। राजनीति के उस कठोर दौर के बाद हालिया निकाय चुनावों में उन्होंने जिस परिपक्वता का परिचय दिया, वह उनके व्यक्तित्व का दूसरा और अधिक मानवीय पक्ष सामने लाता है। शरद पवार की पार्टी के साथ गठबंधन कर दोनों एनसीपी को एक मंच पर लाने की पहल उन्होंने खुद की थी। बहन सुप्रिया के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ कहा था कि परिवार में कोई मतभेद नहीं हैं और जनता चाहती है कि दोनों दल साथ मिलकर काम करें। यह सिर्फ राजनीतिक बयान नहीं था, बल्कि एक भावनात्मक स्वीकारोक्ति भी थी। देखा जाये तो अपने निधन से पहले अजित पवार कम से कम इतना तो कर ही गए कि उन्होंने परिवार से सुलह कर ली, टूटे रिश्तों को जोड़ दिया और महाराष्ट्र की राजनीति को यह संकेत दे दिया कि टकराव नहीं, संवाद ही आगे का रास्ता है।

अपने लंबे राजनीतिक जीवन में अजित पवार ने पृथ्वीराज चव्हाण, देवेंद्र फडणवीस, उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे जैसे मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया। गठबंधनों के बदलते दौर में भी अपनी उपयोगिता और असर बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी रही। अजित पवार चूंकि केंद्र और महाराष्ट्र में सत्तारुढ़ एनडीए के प्रमुख घटक थे इसलिए उनका निधन बड़ा राजनीतिक नुकसान भी है।

देखा जाये तो अजित पवार का जाना सिर्फ एक व्यक्ति का जाना नहीं है, यह उस राजनीतिक शैली का अंत है जो चुपचाप काम करने में यकीन रखती थी। उनकी राजनीति प्रशासनिक पकड़, आंकड़ों की समझ और सत्ता की नस पहचानने की कला से बनी थी। शरद पवार की विशाल छाया में राजनीति शुरू करना आसान था, लेकिन उस छाया से निकलकर अपनी पहचान बनाना बेहद कठिन था। अजित पवार ने यह कठिन रास्ता चुना। वह हमेशा इस द्वंद्व में रहे कि उन्हें उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाए या एक स्वतंत्र नेता के रूप में। शायद इसी बेचैनी ने उन्हें बार-बार जोखिम लेने के लिए प्रेरित किया।

2023 की वह सुबह भारतीय राजनीति के सबसे नाटकीय क्षणों में गिनी जाती है जब उन्होंने अचानक सत्ता का समीकरण बदल दिया था। उनकी काफी आलोचना हुई, अविश्वास भी पैदा हुआ, लेकिन यह भी सच है कि उसी क्षण ने उन्हें निर्णायक नेता के रूप में स्थापित किया। बाद में चुनाव आयोग का फैसला उनके पक्ष में जाना इस बात का संकेत था कि राजनीति में साहस कई बार वैधता भी दिला देता है। अजित पवार की राजनीति नैतिकता के आदर्शों की किताब से कम और यथार्थ की जमीन से ज्यादा निकली थी। यही कारण है कि वह आलोचकों के निशाने पर भी रहे और समर्थकों के भरोसे का केंद्र भी बने। वह जानते थे कि सत्ता स्थायी नहीं होती, लेकिन प्रभाव बनाया जा सकता है। उन्होंने वही किया। विभिन्न लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मैंने खुद देखा कि वह समर्थकों और कार्यकताओं के कितने करीब रहते हैं और सबकी बातें ध्यान से सुनते हैं। यही कारण था कि बारामती में खासतौर पर अजित दादा के नाम का बोलबाला हर जगह देखने को मिलता है।

आज जब उनका जाना अचानक और असमय हुआ है, महाराष्ट्र की राजनीति एक खालीपन महसूस कर रही है। यह खालीपन सिर्फ पद का नहीं, उस अनुभव का है जो दशकों में गढ़ा जाता है। आने वाले समय में यह सवाल और तीखा होगा कि क्या कोई नेता सहकार से सत्ता तक के इस रास्ते को फिर उसी धार और दृढ़ता से तय कर पाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि अजित पवार की विरासत विरोधाभासों से भरी रही, लेकिन शायद यही उनकी सच्ची पहचान भी है। वह सरल नहीं थे, पर प्रभावशाली थे। वह आदर्शवादी नहीं थे, पर निर्णायक थे। और इसी वजह से महाराष्ट्र की राजनीति में उनका नाम लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

-नीरज कुमार दुबे

# कृषि उपज मंडी कार्यालय भवन का पालकमंत्री गणेश नाइक के हाथों भूमिपूजन

## किसानों के हित में होगा सुनियोजित विकास : गणेश नाईक



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** किसान, व्यापारी और कृषि उपज मंडी से जुड़े सभी घटकों को न्याय दिलाने वाली आधुनिक कृषि उपज मंडी की नई इमारत किसानों के हित में सुनियोजित विकास का आधार बनेगी, यह प्रतिपादन महाराष्ट्र के वनमंत्री व पालघर जिले के पालकमंत्री गणेश नाईक ने किया।

नंडोरे नाका स्थित कृषि उपज मंडी समिति के नवीन कार्यालय भवन का भूमिपूजन पालकमंत्री गणेश नाईक के करकमलों द्वारा उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद डॉ. हेमंत सवरा, विधायक राजेंद्र गावित, विधायक स्नेहा दुबे-पंडित, नगराध्यक्ष उत्तम घरत, पुलिस अधीक्षक यतिश देशमुख, कृषि उपज मंडी समिति के सभापति पुरुषोत्तम पाटील, उपनगराध्यक्ष राजेंद्र आत्माराम पाटील, उपसभापति उत्तम मधुकर पाटील, जिला उपनिबंधक शिरीष कुलकर्णी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं व्यापारी उपस्थित थे। इस अवसर पर पालकमंत्री गणेश नाइक ने कहा कि कृषि उपज मंडी की जमीन न्यायालयीन प्रक्रिया के बाद विधिवत रूप से समिति के अधिकार में आई है। अब इस भूमि पर किसानों और व्यापारियों के हित में पारदर्शी, आधुनिक एवं कार्यक्षम बाजार व्यवस्था विकसित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला उपनिबंधक को निर्देश दिए कि नई इमारत में गाले, दुकानें तथा किसानों-व्यापारियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं जाति और भाषा से ऊपर उठकर काम करता हूं। चेहरा नहीं, काम महत्वपूर्ण है। जनता दरबार के माध्यम से किसी भी समस्या को लंबित नहीं रहने दिया जायेगा, ऐसा आश्वासन भी उन्होंने दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रत्येक समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना ही एपीएमसी का मूल उद्देश्य है। पालघर जिले में प्रस्तावित वाढवन बंदरगाह, हरित विकास परियोजनाएं एवं जिला विकास योजना से आने वाले समय में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा और एक भी किसान या व्यापारी वंचित नहीं रहेगा, ऐसा विश्वास पालकमंत्री गणेश नाइक ने व्यक्त किया। इस भूमिपूजन के माध्यम से पालघर की कृषि बाजार व्यवस्था को नई दिशा मिल रही है और यह किसान-केंद्रित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर शिवशक्ति सामाजिक संगठना प्रमुख व कामगार नेता संजय ज.पाटील की पुत्री डॉ. जाह्नवी पाटील के बोईसर स्थित अत्याधुनिक मशीनों के लैश स्वास्थ्य क्लिनिक (स्वारोग्य क्लिनिक) का उद्घाटन भी पालकमंत्री गणेश नाइक के हाथों संपन्न हुआ।

## युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पप्पू यादव के हाथों दीप प्रज्वलन करके की गई। तत्पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बाल सेना एवं धर्म सेना द्वारा गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान जय हिंद, वंदे मातरम् व भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस समारोह में शामिल सभी अतिथियों, स्थानीय लोगों व बाल गोपालों का मुंह मीठा करा कर गणतंत्र दिवस की बधाईयां दी गई। कार्यक्रम के समापन पर युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं संस्थापक जयकुमार पटवा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर तुलसी यादव, नारायण पटवा, रण विजय सिंह, सुरेन्द्र यादव, संदीप गुप्ता, अशोक यादव, अंशु सिंह, राकेश सोनी, रवि यादव सहित ट्रस्ट के सदस्य सचिन पाटील, डॉ. राम अचल सिंह, अरुण चव्हाण एवं प्रमोद राम सेठ उपस्थित रहे।

## बोईसर में स्वारोग्या प्योर होम्योपैथी सेंटर का कैबिनेट मंत्री गणेश नाईक ने किया उद्घाटन



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिले के बोईसर शहर (पूर्व) के बेटेगांव स्थित रुपरजत पार्क बिल्डिंग नं. 02, सेक्टर नं. 01 में अत्याधुनिक एआई तकनीक पर आधारित स्वारोग्या प्योर होम्योपैथी, होलिस्टिक वेलनेस, हेयर एंड एस्थेटिक सेंटर का भव्य शुभारंभ सोमवार 26 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ। इस केंद्र का उद्घाटन राज्य के कैबिनेट वन मंत्री एवं जिले के पालक मंत्री गणेश नाईक के करकमलों से किया गया। यह सेंटर डॉ. जान्हवी एस. पाटील की अभिनव स्वास्थ्य परिकल्पना का साकार रूप है।

उद्घाटन अवसर पर मंत्री गणेश नाईक ने डॉ. जान्हवी एस. पाटील को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह होम्योपैथी केंद्र क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सेंटर उदयमान, गतिमान और शक्तिमान बनकर समाज की सेवा करेगा। डॉ. जान्हवी एस. पाटील द्वारा शुरू किये गये इस केंद्र के माध्यम से बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों के समग्र स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथिक उपचार के साथ-साथ पोषण एवं फिटनेस परामर्श, हेयर ट्रीटमेंट तथा गैर-सर्जिकल सौंदर्य उपचार उपलब्ध कराए जायेंगे। डॉ. जान्हवी ने बताया कि उनका उद्देश्य मरीजों को केवल उपचार देना नहीं, बल्कि उनकी जीवनशैली में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें सशक्त बनाना है।

इस शुभ अवसर पर डीएफओ निरंजन दिवाकर, तहसीलदार रमेश शिंगडे, पूर्व विधायक हितेंद्र ठाकुर, विधायक राजेंद्र गावित, उद्योगपति राजीव पाटील, डॉ. नंदकुमार वर्तक, पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा वैदेही वाढाण, राजनीतिज्ञ कुंदन संखे, अशोक वड़े, समीर मोरे, विहिप जिलाध्यक्ष महावीर सोलंकी जैन, अजय ठाकुर, नगरसेवक आजीव पाटील, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनायक नरले, बोईसर पीआई सुनील एस. जाधव, जिला ट्रैफिक निरंक्षक सुरेश सालुंखे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। परिजनों में संजय ज. पाटील, सौ. चेतना पाटील, विजयेंद्र सं. पाटील, डॉ. जनार्दन पाटील समेत बड़ी संख्या में उद्यमी, समाजसेवी, राजनेता एवं मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

## पालघर में गणतंत्र दिवस पर सामूहिक कवायद परेड का भव्य आयोजन

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पालघर जिले में विद्यार्थियों में अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने हेतु सामूहिक कवायद परेड कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले की सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों ने नियोजित रूप से सहभाग लिया।

इस कार्यक्रम का जिला स्तरीय मुख्य आयोजन आर्यन हाईस्कूल, पालघर के क्रीडांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 1710 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि 100 शिक्षकों ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन में सक्रिय सहभाग निभाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासनबद्ध ढंग से सामूहिक कवायद परेड प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सामूहिकता, नेतृत्व गुण तथा राष्ट्रीय चेतना का विकास करना रहा। इस अवसर पर जिला परिषद पालघर के उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी इजाज अहमद शरीक मसलत, जिला शिक्षणाधिकारी (माध्यमिक) अशोक पाटील, शिक्षणाधिकारी (प्राथमिक) सोनाली मातेकर, शिक्षणाधिकारी (योजना) शेषराव बडे एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला व बालविकास) व्यंकटराव हुंडेकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित मान्यवरों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के शैक्षणिक एवं सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारी, विद्यालय की मुख्याध्यापिका, शिक्षकवृंद तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## श्रीनिवास सिरीमल्ले को राष्ट्रीय रत्न सम्मान अवॉर्ड 2026 से किया गया सम्मानित



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सामाजिक, सांस्कृतिक और पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार श्रीनिवास सिरीमल्ले को राष्ट्रीय रत्न सम्मान अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कृष्णा चौहान फाउंडेशन की ओर से अंधेरी पश्चिम, मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अभिनेता अली खान, सुनील पाल, दीपा नारायण झा, फिल्म निमार्ता सी.डी. शेटे सहित कई कलाकार, समाजसेवी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच से अतिथियों ने श्रीनिवास सिरीमल्ले के निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता कार्यों की सराहना की। सम्मान स्वीकार करते हुए श्रीनिवास सिरीमल्ले ने आयोजकों व पाठकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उन्हें समाज के प्रति और अधिक जिम्मेदारी से कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा द्वारा विशिष्ट व्यक्तियों का उत्तर भारतीय गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित

आचार्य सूरजपाल यादव



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा, भिवंडी शहर जिला की ओर से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2026 के अवसर पर एक भव्य एवं ऐतिहासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी 2026 को ओसवाल कालेज शांतिचंदन आडीटोरियम हाल, भिवंडी में बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मोर्चा के शहर जिला अध्यक्ष मंगेश यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, लोककला एवं पारंपरिक विरासत को दशार्ने वाले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित नागरिकों ने सराहना के साथ देखा। कार्यक्रम के माध्यम से उत्तर भारतीय समाज की एकता, गौरव और सांस्कृतिक पहचान को प्रभावशाली रूप से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण उत्तर भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को उत्तर भारतीय गौरव सम्मान एवं प्रतिभाशाली सम्मान से सम्मानित करना रहा। यह सम्मान समाज के प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से प्रदान किए गए। कार्यक्रम की प्रस्तावना में मंगेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि उत्तर भारतीय समाज की अस्मिता, संघर्ष और उपलब्धियों का प्रतीक है। उन्होंने समाज से संगठित होकर सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा बोरीवली विधानसभा के विधायक संजय उपाध्याय, भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश सचिव श्वेता शालिनी, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव चिराग गुप्ता, उद्योगपति सुजीत सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल, भाजपा विधायक महेश चौगुले, जिला अध्यक्ष रविकांत सावंत, पूर्व जिला अध्यक्ष हर्षल पाटिल, नगरसेवक निलेश चौधरी, सुमित पाटिल, गीता विठोबा नाइक, विठोबा नाइक, यशवंत टावरे, नारायण चौधरी, राजू चौगुले, राजेश शेट्टी, मेहुल पाटिल, विजयप्रताप यादव, सुनील सिंह, दुर्गेश तिवारी, श्यामबिहारी मिश्रा, पी. डी. यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी, उत्तर भारतीय मोर्चा के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय समाज के नागरिक उपस्थित थे।

## दलौंडे जिला परिषद स्कूल को रेसोनिया लिमिटेड की ओर से कंप्यूटर व शैक्षणिक सामग्री भेंट



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्युत प्रसारण क्षेत्र में कार्यरत रेसोनिया लिमिटेड कंपनी ने भिवंडी तालुका के दलौंडे स्थित जिला परिषद स्कूल को कंप्यूटर एवं शैक्षणिक सामग्री भेंट की तथा विद्यार्थियों को खाद्य सामग्री का वितरण किया। खावड़ा 4C परियोजना के अंतर्गत ठाणे और पालघर जिलों में विद्युत वहन एवं टावर निर्माण का कार्य कर रही कंपनी ने इस पहल के माध्यम से शिक्षा और सामाजिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल को कंप्यूटर, फल, अलमारियां, पंखे, कुर्सियां सहित आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गईं। खावड़ा 4C परियोजना के तहत गुजरात से हरित ऊर्जा को पश्चिम महाराष्ट्र के औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे राज्य की बिजली जरूरतों और हरित ऊर्जा लक्ष्यों को बल मिलेगा। इसके साथ ही रेसोनिया लिमिटेड ने पालघर जिले के जव्हार स्थित श्रवणदोष विद्यार्थियों के विद्यालय में आयोजित आविष्कार 2026 सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भी प्रायोजन किया, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिला।

## टाटा कैंसर हॉस्पिटल के मरीजों के साथ एक अनोखा गणतंत्र दिवस मनाया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुंबई की एक जानी मानी सोशल संस्था इंडिया मीडिया लिंक एंड इवेंट्स मैनेजमेंट के डायरेक्टर के. रवी (दादा) ने गणतंत्र दिवस की शाम को मुंबई के टाटा कैंसर हॉस्पिटल ग्रुप रेल फुटपाथ पर एक खास प्रोग्राम आयोजित किया।

इस प्रोग्राम में, देश भर से इलाज के लिए आए कैंसर मरीजों और दूसरे मरीजों और उनके रिश्तेदारों को कंबल, मिठाई, पानी के पाउच और ठंड से बचाने के लिए तिरंगा झंडा देकर सम्मानित किया गया। मुंबई के हिंदी सिनेमा जगत के कई मशहूर कलाकारों और संगीतकारों ने झंडा फहराया और मरीजों की भावनाओं को सरकार तक पहुंचाने का वादा किया।

इस सामाजिक पहल से अस्पताल समेत कई मरीजों में उत्साह का माहौल बन गया। मीडिया से बात करते हुए के. रवी (दादा) ने कहा कि यह पहल पिछले 16 सालों से चल रही है और यह इस पहल का 17वां साल है और इसका मकसद मरीजों की मदद करना और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है। 25 जनवरी, 2026 की पूर्व संध्या पर इंडिया मीडिया लिंक और इवेंट्स मैनेजमेंट के संस्थापक के. रवी (दादा) ने 26 जनवरी, 2026 को टाटा कैंसर अस्पताल के सामने गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम मनाया। उस कार्यक्रम में संस्थापक के.रवी (दादा) के साथ नेशनल लेवल की सोशल वर्कर भाग्यश्री वर्तक, संगीतकार दिलीप सेन, फिल्म एक्टर अली खान और उनके बेटे फरहान अली खान, प्रीतम अठावले रिटायर्ड जॉइंट सेक्रेटरी मिनिस्ट्री, रॉकी फर्नांडिस, डॉक्टर सौरव सरीन, प्रकाश दुपारगुडे, गणेशराव सूर्यवंशी, स्टूडेंट लीडर मराठी कॉमेडियन एक्टर नितिन बोधारे, सोशल वर्कर सीता वेणी, कलिअम्मा समाजसेवी, वर्ल्ड ग्रुप के एस. कुमार मानक, आलोक कुमार कासलीवाल, मशहूर अकाउंटेंट रवींद्र जैन साहित हॉस्पिटल के मरीज, काबिल डॉक्टर और स्टाफ बसेस, लोकल भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन के पुलिसवाले भी शामिल हुए। कार्यक्रम में झंडा फहराया गया, नेशनल एंथम और कल्चरल प्रोग्राम हुए। के. रवी (दादा) ने मरीजों का हौसला बढ़ाया और उनके जल्दी ठीक होने की कामना की। इस कार्यक्रम से मरीजों में जोश का माहौल बन गया। इस कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाने में राहुल रवी, बाला वाडियार, कुन्नू यादव, सूरज मंडल, अजीत सिंह, कोविल नादर, संजय पाटिल, नितिन जाधव और दिलीप बैरी ने भी अपना काफी योगदान दिया।

## टोयोटा ने अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए क्यूरेटेड टेक पैकेज लॉन्च किया

**मुंबई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी लोकप्रिय एसयूवी, अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए एक क्यूरेटेड टेक पैकेज पेश किया है, जिसका मकसद इसकी ओवरऑल अपील को बढ़ाना है। रोजाना ड्राइविंग कम्फर्ट और सुविधा को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया, यह टेक पैकेज स्मार्ट, सहज टेक्नोलॉजी को एक साथ लाता है जो हर यात्रा को सुरक्षित, अधिक कनेक्टेड और खास तौर पर प्रीमियम बनाती है।

सभी अर्बन क्रूजर हाइराइडर वेरिएंट में उपलब्ध यह पैकेज तीन चुनिंदा टोयोटा जेनुइन एक्सेसरीज के साथ आता है, जो ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाता है। इसमें शामिल एम्बिएंट लाइटिंग केबिन को सॉफ्ट और कस्टमाइजेबल रोशनी से सजाती है, जिससे इंटीरियर का माहौल अधिक प्रीमियम और आरामदायक महसूस होता है। हेड्स-अप-डिस्प्ले ड्राइवर को वाहन से जुड़ी अहम जानकारियाँ सीधे नजरों के सामने दिखाता है, जिससे ध्यान भटके बिना ड्राइविंग करना आसान होता है और सड़क पर सुरक्षा बढ़ती है। वहीं डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर या कार डैश कैमरा लगातार रिकॉर्डिंग के जरिये सुरक्षा और संरक्षा को मजबूत करता है, हर सफर को रिकॉर्ड कर ड्राइवर को अतिरिक्त भरोसा और मानसिक शांति प्रदान करता है। टेक पैकेज एक्सेसरीज देश भर में सभी टोयोटा डीलरशिप पर 29,499/- रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर उपलब्ध होंगी। 2022 में लॉन्च होने के बाद से अर्बन क्रूजर हाइराइडर को भारत भर के ग्राहकों ने इसके बोल्ड डिजाइन, एडवांस्ड हाइब्रिड टेक्नोलॉजी और फ्यूल-एफिशिएंट परफॉर्मेंस के लिए खूब पसंद किया है। बी-एसयूवी सेगमेंट में एक आकर्षक विकल्प के रूप में, हाइराइडर ने स्टाइल, कम्फर्ट और सस्टेनेबिलिटी को सफलतापूर्वक मिलाया है, जिससे शहरी और प्रगतिशील ग्राहकों के बीच इसकी मजबूत अपील और बढ़ी है।

## पालकमंत्री गणेश नाईक ने किया जिला मुख्यालय पर ध्वजारोहण



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** भारत का 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पालघर के कोलगांव स्थित पुलिस परेड मैदान में अत्यंत उत्साह व गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर वनमंत्री व पालघर जिले के पालकमंत्री गणेश नाईक के हाथों मुख्य शासकीय ध्वजारोहण संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए पालकमंत्री गणेश नाईक ने कहा कि जिला प्रशासन और जनसहभागिता के संयुक्त प्रयासों से पालघर जिला न केवल महाराष्ट्र बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रगतिशील जिले के रूप में पहचान बनायेगा। इस अवसर पर सांसद डॉ. हेमंत सवरा, विधायक राजेंद्र गावित, विधायक स्नेहा दुबे-पंडित, जिलाधिकारी डॉ. इंदुराणी जाखड, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे, पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख, अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले सहित वरिष्ठ अधिकारी, स्कूली-महाविद्यालयीन छात्र एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

इस मौके पर पालकमंत्री ने वरिष्ठ आदिवासी तारपा वादक भिकल्या धिंडा को पद्मश्री पुरस्कार की घोषणा को जिले के लिए गौरव का विषय बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन में पालघर जिले ने महाराष्ट्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सवा लाख परिवारों को 134 करोड़ रुपये की मजदूरी देकर पलायन रोकने, महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। प्रस्तावित वी बी-जी- राम जी योजना के अंतर्गत 125 दिनों की रोजगार गारंटी देने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही पर्यावरण-अनुकूल और आत्मनिर्भर ग्राम विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बांस रोपण योजना के तहत अब तक 10 लाख से अधिक पौधे लगाये गये हैं। आगामी तीन वर्षों में लगभग एक करोड़ बांस उत्पादन से 50 करोड़ रुपये की आय किसानों को मिलने की संभावना है। जलतारा जलसंरक्षण अभियान से मिट्टी कटाव रोका जा रहा है तथा एक साथ साढ़े तीन लाख लीटर जलसंचय संभव हो रहा है। राज्य की 10 करोड़ वृक्षारोपण मुहिम में पालघर जिले का 50 लाख पौधारोपण का लक्ष्य लगभग पूर्णता की ओर है। साथ ही जीआई टैग प्राप्त ह्यबहाडोली जामुनह्ल के मूल्य संवर्धन हेतु अत्याधुनिक एकीकृत प्रक्रिया केंद्र की स्थापना की जा रही है, जिससे आदिवासी परिवारों को सीधे लाभ मिलेगा। वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत 60 हजार हेक्टेयर भूमि पर 51,529 दावे स्वीकृत कर पालघर जिला देश में अग्रणी स्थान पर है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.**- 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# विमान हादसे ने छीनी पांच जिंदगियां

## डिप्टी सीएम अजित पवार समेत जौनपुर की बेटी पिंकी माली की दर्दनाक मौत

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बुधवार की सुबह हुए भीषण विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हादसे में जौनपुर जनपद की निवासी फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली की भी मृत्यु हो गई, जिससे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है।



बताया गया कि पिंकी माली केराकत तहसील के भैंसा गांव की मूल निवासी थीं। इस संबंध में अपना दल के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने जानकारी देते हुए बताया कि पिंकी माली के पिता शिवकुमार माली राष्ट्रवादी पार्टी के नेता रहे हैं। पिंकी का पूरा परिवार वर्तमान में मुंबई में निवास करता था, हालांकि पैतृक गांव भैंसा से उनका पारिवारिक जुड़ाव बना रहा और समय-समय पर उनका गांव आना-जाना होता था।

हादसे की सूचना मिलते ही भैंसा गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। पिंकी माली की मौत की खबर से परिजन बेसुध हैं, वहीं गांव के लोग उन्हें एक मेहनती, मिलनसार और होनहार युवती के रूप में याद कर रहे हैं, जिसने गांव और जिले का नाम रोशन किया था। इस विमान हादसे को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर भी शोक व्यक्त किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों ने दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# भारत प्रेस क्लब ने गणतंत्र दिवस पर पत्रकारों को किया सम्मानित, समाज के प्रति उनके योगदान को सराहा



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश जनपद जौनपुर में 26 जनवरी, 2026, 77 वें गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर भारत प्रेस क्लब, मुफ्ती मोहल्ला हुमा मस्जिद जनपद जौनपुर स्थित कार्यालय की ओर से एक विशेष 'पत्रकार सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के सजग प्रहरी और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पत्रकारों के परिश्रम और ईमानदारी को सम्मानित करना था। वरिष्ठ संवाददाताओं की उपस्थिति में सम्मान कार्यक्रम के दौरान क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रबुद्ध जनों ने क्षेत्र के विभिन्न पत्रकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों को पुष्पमाला पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सम्मानित होने वाले पत्रकारों में शुभम कुमार यादव (गौराबादशाहपुर), दानिश (बक्शा ब्लॉक), और मड़ियाहूं तहसील के जावेद प्रतिनिधि सहित कई अन्य युवा व अनुभवी पत्रकार शामिल रहे। भारत प्रेस क्लब का यह कदम न केवल पत्रकारों का मनोबल बढ़ाएगा बल्कि उन्हें निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।

इस दौरान क्लब के वरिष्ठ जिला भारत प्रेस क्लब के अध्यक्ष रियाजुल हक और वाराणसी मंडल अध्यक्ष डॉ. इम्तियाज अहमद, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शबीर अम्मार हैदर, अजमत अली, अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जौनपुर और आसपास के क्षेत्रों से आए कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और पत्रकारों के कार्यों की सराहना की। तिरंगा फहराने के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। क्षेत्रीय पत्रकारों का जमावड़ाः बक्शा, मड़ियाहूं और जौनपुर शहर से आए पत्रकारों का सम्मान। पत्रकारों ने निष्पक्ष और जनहित से जुड़ी खबरों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

# समाजवादी छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष सत्यम यादव ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से की मुलाकात

**शुभम कुमार यादव,** गौराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघंद्रा के रहने वाले समाजवादी छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष सत्यम यादव उर्फ सत्या ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर, आने वाले पंचायती चुनाव के मुद्दों पर बात की, सूत्रों द्वारा पता चला हैं, की सत्यम यादव धमापुर के वार्ड नं.71 से जिला पंचायत के चुनाव के लिए मैदान में उतरने वाले हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सत्यम को आशीर्वाद दिया कि जाओ अगली बार चुनाव जीत कर आना। इसमें सत्यम के पिता राजपति यादव का व क्षेत्र वासियों का पूर्ण समर्थन मिल रहा है।



# बक्शा थाने में फहराया गया तिरंगा

## पुलिसकर्मियों को देश की रक्षा और कर्तव्यनिष्ठा की दिलाई गई शपथ

**मो.दानिश सिद्दीकी**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा थाना परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह पर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने तिरंगा फहराकर सलामी दी। इसके बाद पुलिसकर्मियों के साथ देश की रक्षा कर्तव्यनिष्ठा और संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई गई। सभी सुरक्षा बलों ने परेड के माध्यम से तिरंगे को सलामी दी।राष्ट्रीय गान के पश्चात उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने एकता की शपथ ली।इस अवसर पर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया और गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।



उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस स्वाभिमान बलिदान आदर्श और साहस का प्रतीक है। थानाध्यक्ष ने कहा कि यह दिन हमें हमारे कर्तव्यों की याद दिलाती है और देश को सुरक्षित ,समृद्ध व शक्तिशाली बनाने की प्रेरणा देती है। समारोह का समापन देशभक्ति के जयकारों के साथ हुआ।

# जनसुनवाई में एसपी सख़्त, थानों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

## फरियादियों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ.कौश्तुभ द्वारा बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



इस दौरान कई फरियादियों ने कुछ थानों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को न्यायोचित एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फरियादियों की शिकायतों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है, ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो सके। जनसुनवाई के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव एवं सहायक पुलिस अधीक्षक सृष्टि जैन भी उपस्थित रहीं।

## शाहगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के वाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित 01 आरोपी को किया गया गिरफ्तार।पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरणः दिनांक 26.01.2026 को मुकदमा वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-18/2026 धारा 69 भारतीय न्याय संहिता 2023 व 3/4 डी0पी0एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी का विवरण, प्र0नि0 शाहगंज के नेतृत्व में थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 28.01.2026 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सतीश कुमार गुप्ता पुत्र रमाशंकर गुप्ता निवासी सीड गद्दोपुर थाना बादलापुर जनपद जौनपुर को लोक वाणी तिराहा शाहगंज से गिरफ्तार कर अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



# गणतंत्र दिवस हमारे देश की गौरवशाली परंपरा और संविधान की महानता का प्रतीकः शफीक अहमद

## नेयाज नेशनल स्कूल मानीकलां में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**आफताब आलम**

मानीकलां,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नेयाज नेशनल स्कूल मानीकलां जौनपुर में 26 जनवरी को 77वा गणतंत्र दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों और प्रमुखों के स्वागत से हुआ। जिसके बाद विद्यालय के प्रबंधक शफीक अहमद और मुख्यातिथि के रूप में मुन्ना सरदार इनायतुल्ला डॉ सूफियान द्वारा ध्वजारोहणकर देश की भावना प्रकट की गई। विशेष आकर्षणों में देश पर, आधारित नृत्य, संविधान पर आधारित गीत, देश पर आधारित पाठ, जिसमें बालक और बालिकाओं ने अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल अंकित पाल ने अपनी प्रार्थना में कहा गणतंत्र दिवस हमारे देश की गौरवशाली परंपरा और संविधान की महानता का प्रतीक है हमारी बच्चे और बच्चियों में शिक्षा के साथ-साथ देश प्रेम संस्कार और संस्कारों का समावेश करना हमारे प्राथमिक जिम्मेदारी है, और संयोजक मोहम्मद आसिम ने कहा कि हमारी बच्चियां हमारे विद्यालय की आज मानसून है इन्हीं से विद्यालय के खुशियों का उत्साह है, और उन्होंने यह भी कहा कि प्रोग्राम के साथ-साथ शिक्षा भी बहुत जरूरी है विद्यालय के सभी छात्राओं को उन्होंने आगे बढ़ने का बहुत ही अच्छा संदेश दिया है और छात्रों के भविष्य पर प्रकाश डाला इस आयोजन ने सभी के दिलो में देशभक्ति और संविधान की एक नई ऊर्जा का संचार किया, कार्यक्रम का समापन पूर्व विधायक अरशद खान द्वारा किया गया वार उन्हीं के द्वारा बच्चों की मेडल और स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया मानीकलां व आस पास गांव के सम्मानित लोगों ने खूब बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें महिलाएं और पुरुष भी शामिल रही लोगों ने नेयाज नेशनल स्कूल के अध्यापकों एवं अध्यापिकाएं को धन्यवाद भी दिया।



इस गणतंत्र दिवस के मौके पर मौजूद रहे अध्यापक शिव कुमार.इफ्तेखार हुसैन अखिलेश कुमार मोहम्मद बाकिर सहित गांव के सम्मानित लोग शमशेर अहमद, पूर्व प्रधान बरंगी गयासुद्दीन मुन्ना सरदार फरहान डॉ सूफियान इनायतुल्लाह शायर शाकिब लखमापुरी, पत्रकार आफताब आलम आदि अधिक संख्या में ग्रामीण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# पर्सनल वीडियो वायरल करने का आरोप, दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद के चोलापुर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने गांव के ही दो युवकों पर सोशल मीडिया पर फर्जी और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपितों द्वारा वीडियो के माध्यम से उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया, जिससे उसे मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। महिला ने बताया कि इस मामले को लेकर उसने पहले पंचायत में शिकायत की थी, जहां ग्राम प्रधान की मौजूदगी में समझौता भी कराया गया था। बावजूद इसके आरोपितों की हरकतें बंद नहीं हुईं। पीड़िता का आरोप है कि वीडियो वायरल करने के साथ ही आरोपित उसे और उसके परिवार को धमकी भी दे रहे हैं।

पीड़िता ने यह भी बताया कि पूर्व में आरोपितों के साथ उसका विवाद हुआ था, जिसके दौरान मारपीट की गई और उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए थे। इस संबंध में उसने पुलिस से कई बार शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हो सका। आरोप है कि अगस्त 2025 में भी आरोपितों द्वारा आपत्तिजनक वीडियो को दोबारा सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। चौलापुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है और आरोपितों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नाराज युवक ने लगाई फांसी मौत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के खुरचनपुर निवासी राजेश कुमार बिन्द का 26 वर्षी पुत्र सूर्यभान बिन्द मंगलवार की बीती रात किसी बात से नाराज होकर अपनी जीवन लीला समाप्त करली प्राप्त जानकारी के अनुसार सूर्यभान प्रकाश 26 वर्ष पुत्र राजेश कुमार मंगलवार की रात लगभग 10:00 बजे उसे खाना खाने के लिए घर वालों ने बुलाया तो उसने आवाज नहीं दिया और दरवाजा नहीं खोला खिड़की से घर वालों ने देखा कि वह रोशनदान में गमछा के सहारे झूल रहा है आनंन फानन में घर वालों ने दरवाजा तोड़ा शव को नीचे उतारकर अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल लाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया तुरंत इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस में रखवा दिया वही आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है ।लड़के के मरने का कारण पता नहीं चल पाया है।

## मदरसा जामिया दारुस्सलाम में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शेखपुर 26 जनवरी के पावन अवसर पर शेखपुर स्थित 'मदरसा जामिया दारुस्सलाम' में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। मदरसे के प्रबंधकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया छात्रों ने देशभक्ति के गीतों और भाषणों के माध्यम से देश के शहीदों को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और देश की अखंडता व भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान परिसर 'जय हिंद' और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। अंत में मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मदरसे के प्रधानाचार्य मोइनुद्दीन के साथ सभी अध्यापक उपस्थित सहित स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

रामनगर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। देश के 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आज विकास खंड रामनगर के प्राथमिक विद्यालय में देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के मुख्य द्वार पर गरिमामयी ध्वजारोहण के साथ हुई। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। उपस्थित सभी लोगों ने तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों के हाथों में तिरंगा और उनके चेहरों पर देशभक्ति की मुस्कान ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। शैक्षणिक और खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की दीवारों पर 'निपुण भारत' और 'स्वच्छ स्कूल, सुंदर स्कूल' के संदेशों के बीच बच्चों ने शिक्षा और स्वच्छता की शपथ ली।

# विकासखंड रामनगर के भाऊपुर मे 'जामिया कप' क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य समापन

**मो.जावेद**

मड़ियाहूं, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मड़ियाहूं गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित 'जामिया कप' क्रिकेट टूनार्मेंट का शानदार समापन हुआ। इस खेल आयोजन ने न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि क्षेत्र में खेल के प्रति एक नया उत्साह भी जगाया।



मुख्य अतिथि का संबोधन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, हंसराज परिवार से रेखा पांडे (भावी ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी) रहीं। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा मैदान पर केवल गेंद और बल्ला ही नहीं चलता, बल्कि यहाँ अनुशासन, कड़ी मेहनत और भविष्य की तैयारियां भी होती हैं। राम नगर का युवा जब मैदान में उतरता है, तो वह केवल अपनी टीम के लिए नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के गौरव के लिए खेलता है। खेल भावना पर जोर, रेखा पांडे ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल हमें सिखाता है कि जीत 'दम' से मिलती है, 'डर' से नहीं। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन बनाए रखने और खेल भावना को सर्वोपरि रखने की सीख दी। साथ ही, उन्होंने यह संकल्प भी दोहराया कि हर बच्चे को खेल का मैदान और हर प्रतिभा को सही मंच मिले, इसके लिए वे निरंतर प्रयास करेंगी।

इस खेल की समाप्ति में उपस्थित मडियाहु के विधायक डॉ.आर के पटेल, मुख्य राशिद प्रधान ,अरविंद सिंह,वसीम अहमद, मुम्बई से आये रिजवान सेठ, संजय कन्नौजिया,लाल बहादुर, रेखा पाण्डेय, मकसूद स्थानीय लोगऔर दूर-दूर से आए हुए दर्शक उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट सेवा पदक से नवाजे गये हेड कांस्टेबल शिव प्रकाश यादव

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल शिव प्रकाश यादव को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान सराहनीय कार्य के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्रदान किया गया।



थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने हेड कांस्टेबल शिव प्रकाश यादव को पदक लगाकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। गृह मंत्रालय ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट, सराहनीय और अनुकरणीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न 'प्रशंसा चिन्ह' और उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान करने की सूची जारी की थी।

उत्कृष्ट सेवा पदक मिलने पर हेड कांस्टेबल शिव प्रकाश यादव ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्होंने पुलिस सेवा में ईमानदारी, निष्ठा, अनुशासन, साहस और जनसेवा के प्रति समर्पण के साथ लगातार कर्तव्य का निर्वहन किया है और आगे भी करते रहेंगे।

उन्होंने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों और थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके उत्कृष्ट कार्य को पहचान कर उन्हें इस सम्मान से नवाजा।

# नेवाढ़िया प्राइमरी स्कूल में गणतंत्र दिवस पर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

रामनगर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आज नेवाढ़िया प्राइमरी स्कूल में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तिरंगा फहराने के साथ हुई। सर्वप्रथम ग्राम प्रधान सरोजा देवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाशंकर पटेल एवं गांव के वरिष्ठ व्यक्ति भोला खान ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर राष्ट्रगान गाया और देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया। ध्वजारोहण के पश्चात छोटे-छोटे बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। डांस प्रतियोगिता में कक्षा 8 के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें समाजसेवी अमृत लाल पटेल द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 7 के बच्चों को भी शील्ड दी गई, वहीं सबसे छोटे बच्चे को तृतीय स्थान पर शील्ड देकर उत्साहवर्धन किया गया। इसके अतिरिक्त समाजसेवी अमृत लाल पटेल ने कक्षा 1 से 8 तक के 250 बच्चों को कॉपी और पेन देकर सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का तथा विशेष रूप से बच्चों को नृत्य की तैयारी कराने वाली अध्यापिका शुशीला मैडम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक संतोष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अध्यापक अर्चिता पाण्डेय, सतीश सिंह, मनीष त्रिपाठी, कुसुम देवी सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेश सचिव उदय पटेल, ओमप्रकाश पासी, राजू दुबे, विजयी प्रजापति, चन्द्रशेखर पटेल, शेषमणि गौतम, आशीष पटेल, रामचरित्तर सरोज, भैयाराम दुबे, स्वतंत्र दुबे, बृजबिहारी यादव, फहीम खान, मुराद खान, प्रेम दुबे, तिलक धारी दुबे, प्रियांशु, अमरनाथ दुबे, इंद्रजीत दुबे, जिलाजीत गौड़, राजेश गौड़, पप्पू गौड़ सहित सैकड़ों ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# गांव से लेकर शहर तक गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर रही धूम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज स्थित ज्योत्सना भवन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा 77 वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित अंतर-विद्यालय भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। बतौर मुख्य अतिथि शाहगंज के विधायक रमेश सिंह ने प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विधायक ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और अधिकारों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही हर नागरिक देश के चौमुखी विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। सीएचसी अधीक्षक डॉ रफीक फारुकी और डॉक्टर अभिषेक रावत ने भी अपने विचार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने ने इब्राहिमाबाद जौनपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय एवं श्री हनुमान जी विद्या मंदिर मुरादगंज में झंडा फहराया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था, जिससे भारत एक संप्रभु, धर्मनिरपेक्ष, और लोकतांत्रिक गणराज्य बना।

सुईथाकलां ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख विद्या तिवारी ने तिरंगा फहरा कर शहीदों को नमन किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ उमेश चंद्र तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। एसवीडी गुरुकुल महाविद्यालय, लॉ कालेज, डीएलएड कालेज, डीआरसी गुरुकुल पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि भाजपा जिला कार्य समिति के सदस्य संजय सिंह ने झंडा फहराया। उन्होंने अमर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। संचालन डॉ.अभिषेक उपाध्याय ने किया। मौके पर प्रधान राजेंद्र प्रसाद तिवारी, डॉ. राकेश चंद्र तिवारी, राजेश उपाध्याय, तुलसी राम तिवारी, दया राम पाण्डेय, विनोद पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

गांधी स्मारक विद्यालय संकुल के डीपीएड ग्राउंड में प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू ने 77 में गणतंत्र दिवस पर देश के बलिदानियों के योगदान को याद किया। प्रबंधक ने उद्बोधन में कहा कि संविधान निर्माण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की भूमिका अहम थी। संविधान में निहित अधिकार हमें राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराते हैं। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक यदि अपने कर्तव्य का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करे तो 2047 तक प्रधानमंत्री का विकसित भारत बनाने का सपना निश्चित रूप से साकार होगा। गांधी स्मारक पीजी कॉलेज में प्रो. अरविंद कुमार सिंह ने संविधान निर्माण और उसके इतिहास के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ अविनाश वर्मा, डॉ.अवधेश मिश्रा एवं डॉ.पंकज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन जितेंद्र सिंह ने किया। श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने विविध कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त डॉ.रणजीत सिंह ने छात्र-छात्राओं से राष्ट्र हित के लिए कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा अब भारत अधिक मजबूत बन चुका है। अन्य देश भी भारत की ताकत को पहचान चुके हैं। प्रधानाचार्य डॉ .अजेय प्रताप सिंह ने आभार प्रकट किया। संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता विनय त्रिपाठी ने किया। बाबा महाबल दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पानी टंकी एवं बाबा द्वारिका दास हरि महाविद्यालय सारी जहांगीर पट्टी में संस्था अध्यक्ष संत प्रकाश दास जी महाराज और प्रबंधक डॉक्टर सूर्यभान यादव ने झंडा रोहण किया। उक्त लोगों ने कहा कि शिक्षा से ही हम राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। प्राथमिक विद्यालय सुइथाकला जौनपुर में ग्राम प्रधान अनिल कुमार दुबे और प्रधानाध्यापक पारसनाथ यादव ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मनमोहन कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रजापति महासभा जौनपुर के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रजापति ने अहियापुर मे स्थाई धर्मशाला में गणतन्त्र दिवस मनाया गया। झंडा फहराने के बाद राष्ट्रगान हुआ और मिठाईया बांटी गईं तथा स्वतन्त्रता आंदोलन में शहीद हुए शहीदो को याद किया गया तथा देश से ऊच-नीच व धर्म सम्प्रदाय व जाति के आधार हो रहे भेदभाव को दूर करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रजापति, विकलेश प्रजापति योगेन्द्र प्रजापति, चन्द्रशेखर, डा.योगेन्द्र प्रजापति, डा.श्रवण कुमार प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# वाराणसी के पूर्व संस्कृत प्रवक्ता आचार्य ओमप्रकाश दीक्षित का समरस फाउंडेशन ने किया सम्मान



**मुंबई।** मुंबई की यात्रा पर आए वाराणसी के पूर्व संस्कृत प्रवक्ता आचार्य ओमप्रकाश दीक्षित का आज महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। बोरीवली पूर्व स्थित कार्यालय में संस्था के चेयरमैन डॉक्टर किशोर सिंह ने शॉल और पुष्प गुच्छ से उनका सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा, उपाध्यक्ष मानिकचंद यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा, संगठन सचिव पूर्व प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पांडे, दीपेश मिश्रा, पूरव गांधी, स्वामी रामलिंगम समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। आचार्य दीक्षित ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर किशोर सिंह के नेतृत्व में संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से समाज को प्रेरणा मिल रही है।

# महाराष्ट्र की राजनीति में एक बड़ी रिक्तता छोड गए अजीत पवार : कृपाशंकर सिंह



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजीत दादा पवार का निधन अत्यंत दुखद और असहनीय है। महाराष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले अजीत पवार का जाना एक बहुत बड़ी राजनीतिक रिक्तता छोड़ गया। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि श्री पवार की अद्भुत नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता, स्पष्टवादिता और विकास के प्रति अटूट संकल्प को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी आत्मा की शांति हेतु और उनके परिवार को यह सदमा बर्दाश्त करने की ताकत देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

# अमेजॅन एमएक्स प्लेयर, अमेजॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, के हिसाब की घोषणा




**मुंबई।** अमेजॅन एमएक्स प्लेयर, अमेजॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अपनी आगामी श्रृंखला अब होगा हिसाब की घोषणा करती है। पंजाब में स्थापित, यह श्रृंखला महत्वाकांक्षा, भाईचारे और प्रवास के अथक खिंचाव से गहराई से जुड़ी हुई है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित, अब होगा हिसाब दो भाइयों, बॉबी और बंटी मनोचा के जीवन का अनुसरण करता है, जिनका जीवन एक जीवन-परिवर्तनकारी घटना के बाद एक नाटकीय मोड़ लेता है जो उन्हें शक्ति, लालच और उत्तरजीविता से संचालित एक खतरनाक दुनिया में खींचता है।

घोषणा प्रोमो शो के उच्च-दांव ब्रह्मांड में एक चित्ताकर्षक झलक प्रदान करता है, जो बदला, प्रभुत्व और अनसुलझे नैतिक ऋण में डूबा हुआ एक स्वर स्थापित करता है। टीजर में संजय कपूर को गोल्डी सेखों के रूप में पेश किया गया है, जो एक क्रूर शक्ति है जो समय समाप्त होने से पहले प्रहार करने में विश्वास करती है, शाहीर बॉबी मनोचा के रूप में, एक आदमी जिसे भावनात्मक और शारीरिक रूप से किनारे पर धकेल दिया गया है; और मौनी रॉय कामना के रूप में, एक तेज, गणना करने वाली उपस्थिति जो शक्ति की वास्तविक कीमत को समझती है। हंटिंग रील से लंगर डाले हुए, गुनाहन का और कर्मों का... अब होगा हिसाब , प्रोमो एक नैतिक रूप से आवेशित लड़ाई के लिए टोन सेट करता है जहां वफादारी नाजुक होती है, रेखाएं लगातार पार की जाती हैं, और हर पिछली कार्रवाई हिसाब की मांग करती है।

# इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट लिमिटेड पूरी दुनिया में ग्रेडिंग एवं प्रमाणन सेवाएं उपलब्ध कराने में सबसे आगे है

मुंबई। कंपनी ने अपने व्यवसाय के सभी प्रमुख क्षेत्रों, जैसे कि कुदरती डायमंड्स, लैब में बने डायमंड्स, आभूषण एवं रत्न के क्षेत्र में शानदार प्रगति को बरकरार रखते हुए, पिछले साल की तुलना में 2025 की चौथी तिमाही के दौरान राजस्व में 21% और एइक्ळऊअ में 26% की बढ़ोतरी दर्ज की है। इस तिमाही में प्रमाणन से होने वाली आय में भी 23% की वृद्धि हुई है। इस तिमाही के दौरान प्रमाणन से प्राप्त कुल राजस्व 3,049 मिलियन रुपये और एइक्ळऊअ 1,913 मिलियन रुपये तक पहुंच गया। 2025 की चौथी तिमाही के दौरान ढअळ साल-दर-साल आधार पर 18% की बढ़ोतरी के साथ 1,346 मिलियन रुपये दर्ज किया गया। दिसंबर 2024 में समाप्त हुए 12 महीनों की तुलना में, दिसंबर 2025 में समाप्त हुए 12 महीनों के दौरान संचालन से प्राप्त कुल राजस्व में 17% और एइक्ळऊअ में 23% की बढ़ोतरी दर्ज की है। दिसंबर 2024 में समाप्त हुए 12 महीनों में एइक्ळऊअ मार्जिन 56.9% था, जो दिसंबर 2025 में समाप्त हुए 12 महीनों के दौरान बढ़कर 59.9% हो गया। इसी तरह, समेकित ढअळ भी दिसंबर 2024 में समाप्त हुए 12 महीनों की तुलना में 24% की बढ़ोतरी के साथ, दिसंबर 2025 में समाप्त हुए 12 महीनों के दौरान 5,316 मिलियन रुपये तक पहुंच गया। गया। साथ ही, ढअळ मार्जिन भी 2024 में समाप्त हुए 12 महीनों के 40.6% से बढ़कर, दिसंबर 2025 में समाप्त हुए 12 महीनों के दौरान 43.3% हो गया। इस मौके पर क्क्क के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, तेहमास्प प्रिंटर ने कहा, 2025 की चौथी तिमाही और समाप्त हुए 12 महीनों के दौरान कंपनी ने अपनी कई रणनीतिक योजनाओं पर लगातार काम करते हुए, कारोबार के संचालन में बेहद शानदार प्रदर्शन किया है। हमने नेचुरल डायमंड सर्टिफिकेशन बिजनेस में भी अपनी पैठ और बाजार में हिस्सेदारी को बढ़ाया है। लैब में बने हीरों के हमारे सर्टिफिकेशन बिजनेस में काफी तेजी आई है, क्योंकि भारत के साथ-साथ दुनिया के बाजारों में छक्क्क्ऊसे बने गहनों की मांग बढ़ी है और पिछली चार तिमाहियों से इनकी थोक कीमतें भी स्थिर बनी हुई हैं। सभी क्षेत्रों में अपनी दमदार उपस्थिति के साथ, क्क्क आने वाले साल में ग्राहकों को बेमिसाल अनुभव प्रदान करके और भी ज्यादा तरक्की करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# गणतंत्र दिवस पर नौनिहालों को नवाजा



**चिराना।** राज्य सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता रहा है इसकी जानकारी छोटे विद्यार्थियों को भी भली प्रकार से हो सके, इसके लिए कस्बे के निकटवर्ती चिरानिया शिक्षण संस्थान माध्यमिक विद्यालय बागोरिया की ढाणी में सड़क सुरक्षा पर एक समसाम यिक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन डॉ राजेंद्र कुमावत द्वारा एक महीने पहले करवाया गया था, जिसमें विजेता रहे छात्रों को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आए डॉ.राजेन्द्र कुमावत ने उनको सम्मानित किया गया। प्रथम रहे कल्पित सैनी को सिल्वर मेडल से नवाजा तो वहीं द्वितीय स्थान पर अंकित सैनी व तीसरे स्थान पर विनीता सैनी रहे जिनको ब्रोंज मेडल पहनाया गया। विद्यालय स्टाफ ने विजेता रहे होनहार विद्यार्थियों के साथ फोटो सेशन भी करवाया। संस्था के निदेशक ओम प्रकाश सैनी ने मंच का संचालन किया। इस दौरान सुरेश कुमार,महेश कुमार,महेश कुमार औलखा, सुरजमान सिगोदिया,विजय सिंह अध्यापक गण एवं श्रीमती सुलोचना, सुनिता, सरोज सैनी, मंजू सैनी सुश्री सुमन बेरवाल, संजू, ऐश्वर्या आशा, निष्ठा, सरिता, ममता, अध्यापिकाएँ उपस्थित रहे।

# मलाड स्टेशन हत्याकांड : भाषा, गुस्सा और असहिष्णुता के बीच कुचला गया इंसान

**प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह की बड़ी तस्वीर और घेरे में है आरोपी**

**-लाल शेखर सिंह**




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई के मलाड रेलवे स्टेशन पर शनिवार शाम हुई प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह की हत्या ने महानगर की कानून-व्यवस्था और सामाजिक सहनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 32 वर्षीय आलोक सिंह की मौत एक मामूली कहासुनी के बाद हुई, जिसने पलभर में हिंसक रूप ले लिया। लोकल ट्रेन से उतरते समय हुए विवाद में आरोपी ओमकार शिंदे ने नुकीली चिमटी से उनके पेट पर वार कर दिया। गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के चलते आलोक सिंह की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर आरोपी ओमकार एकनाथ शिंदे (27) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। पूर्व शिक्षक विधायक कपिल पाटिल के अनुसार, ट्रेन में महिलाओं के सामने हुए कथित अपमान, भीड़ का दबाव और पहले से जमा मानसिक तनाव ने आरोपी को हिंसा की ओर धकेल दिया।

**भीड़ और तनाव बन रहे जानलेवा**

पुलिस के मुताबिक, प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर धक्का लगने को लेकर विवाद शुरू हुआ। महानगर की लोकल ट्रेनों की भीड़, सीमित आय, रोजगार की अनिश्चितता और रोजमर्रा का तनाव आम लोगों के धैर्य को लगातार कमजोर कर रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यही दबा हुआ गुस्सा मामूली उकसावे में जानलेवा साबित हो रहा है।

**भाषा और प्रांत की राजनीति फिर सवालों में**

यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब मुंबई में मराठी और हिंदी भाषियों के बीच तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। मैं मराठी हूं, वह भैया है जैसी मानसिकता सामाजिक ताने-बाने को तोड़ रही है। इससे पहले हिंदी-मराठी विवाद में 19 वर्षीय छात्र अर्नव खैरे की मौत भी इसी असहिष्णु माहौल की भयावह तस्वीर पेश कर चुकी है।

**दो परिवारों की जिंदगी उजड़ी**

आलोक सिंह, एन.एम. कॉलेज में गणित के प्रोफेसर थे और कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत थे। उनकी गर्भवती पत्नी पूजा सिंह उसी दिन घर पर उनका इंतजार कर रही थीं, क्योंकि शनिवार को उनका जन्मदिन था और दोनों डिनर पर जाने वाले थे। दूसरी ओर, आरोपी ओमकार शिंदे, जो अपने बीमार पिता के साथ छोटी धातु पॉलिशिंग यूनिट में काम करता था, अब जेल में है। एक पल के गुस्से ने दो परिवारों को तबाह कर दिया।

**नेतृत्व की भूमिका पर सवाल**

इस पूरे मामले में उत्तर प्रदेश के जौनपुर सहित पूर्वांचल के नेताओं की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। राजनीतिक बयानबाजी तो खूब हो रही है, लेकिन पीड़ित परिवार की मदद, कानूनी सहयोग और सामाजिक संवाद के प्रयास न के बराबर नजर आते हैं।

**समाज के लिए चेतावनी**

यह हत्या केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक विफलता का प्रतीक है। बढ़ती असहिष्णुता, भाषा और प्रांत के नाम पर की जा रही राजनीति तथा आर्थिक दबाव यदि इसी तरह जारी रहे, तो ऐसी घटनाएं आम आदमी के जीवन को और असुरक्षित बना देंगी। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसियां घटना के सभी पहलुओं–विवाद की वजह, भीड़ की भूमिका और स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था–की गहन जांच कर रही हैं। सवाल यही है कि क्या महानगर में अब सहनशीलता और इंसानियत के लिए कोई जगह बची है?

# खार पुलिस स्टेशन ने सड़क सुरक्षा अभियान एवं ध्वजारोहण समारोह संपन्न



**मुंबई।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अक्षत खेतान, संस्थापक, एयू कॉर्पोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेज, द्वारा खार पुलिस स्टेशन, मुंबई पुलिस के संरक्षण में सड़क सुरक्षा अभियान एवं ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिक जिम्मेदारी एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम श्री आशीष शेलार जी, कैबिनेट मंत्री झ सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक कार्य, महाराष्ट्र सरकार, की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिससे आयोजन की महत्ता और भी बढ़ गई।

समारोह में उर्विल जानी, डॉ. निवेदिता श्रेयंस, एवं मुंबई के विभिन्न नागरिक मंचों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जो समाज की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक चेतना को दर्शाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत ध्वजारोहण समारोह, उद्घाटन भाषण, तथा प्रतीकात्मक हेलमेट वितरण किया गया, जिससे जिम्मेदार वाहन चलाने और सड़क सुरक्षा के महत्व पर बल दिया गया। इस पहल में नागरिकों एवं अधिकारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जो सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय गौरव के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर अक्षत खेतान ने अपने संबोधन में सुरक्षित सड़कों के निर्माण और जिम्मेदार नागरिकता को प्रोत्साहित करने हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया, विशेष रूप से उस दिन जब हम भारत के संविधान में निहित मूल्यों का उत्सव मनाते हैं। कार्यक्रम का समापन जलपान एवं सहभागियों के आपसी संवाद के साथ हुआ, जिससे यह आयोजन एक सार्थक एवं प्रभावशाली गणतंत्र दिवस समारोह के रूप में स्मरणीय बन गया।

# राजन नाईक ने किया दिव्यांश एकेडमी और स्वामी विवेकानंद सेवा संस्था के स्मार्ट स्टडी रूम का उद्घाटन

**नालासोपारा।** नालासोपारा पूर्व के गोराई पाड़ा क्षेत्र में आज शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। दिव्यांश एकेडमी और स्वामी विवेकानंद सेवा संस्था के संयुक्त सहयोग से स्थापित मॉडर्न सुविधाओं से लैस स्मार्ट स्टडी रूम का उद्घाटन नालासोपारा के विधायक राजन नाईक के शुभ हस्तों से बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

इस स्मार्ट स्टडी रूम में विद्यार्थियों के लिए शांत, सुरक्षित और तकनीक-समर्थित अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया गया है, जिससे क्षेत्र के छात्रों को पढ़ाई में बेहतर एकाग्रता और सफलता प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यह पहल न केवल शैक्षणिक विकास को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्थान की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।




उद्घाटन अवसर पर विधायक राजन नाईक ने दिव्यांश एकेडमी और स्वामी विवेकानंद सेवा संस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहलें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करती हैं।

इस अवसर पर दिव्यांश एकेडमी और स्वामी विवेकानंद सेवा संस्था को छात्रों के हित में निरंतर कार्य करने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

# पालघर में गणतंत्र दिवस पर सामूहिक कवायद परेड का भव्य आयोजन



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पालघर जिले में विद्यार्थियों में अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने हेतु सामूहिक कवायद परेड कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले की सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों ने नियोजित रूप से सहभाग लिया। इस कार्यक्रम का जिला स्तरीय मुख्य आयोजन आर्यन हाईस्कूल, पालघर के क्रीडांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 1710 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि 100 शिक्षकों ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन में सक्रिय सहभाग निभाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासनबद्ध ढंग से सामूहिक कवायद परेड प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सामूहिकता, नेतृत्व गुण तथा राष्ट्रीय चेतना का विकास करना रहा। इस अवसर पर जिला परिषद पालघर के उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी इजाज अहमद शरीक मसलत, जिला शिक्षणाधिकारी (माध्यमिक) अशोक पाटील, शिक्षणाधिकारी (प्राथमिक) सोनाली मातेकर, शिक्षणाधिकारी (योजना) शेषराव बडे एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला व बालविकास) व्यंकटराव हुंडेकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उपस्थित मान्यवरों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के शैक्षणिक एवं सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारी, विद्यालय की मुख्याध्यापिका, शिक्षकवृंद तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मुंबई के कोलाबा कॉजवे पर जैपोर ने खोला 8वां स्टोर



मुंबई। आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के अंतर्गत आने वाला आर्टिसनल लाइफस्टाइल ब्रांड जैपोर ने मुंबई के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र कोलाबा कॉजवे पर अपना नया स्टोर खोला है। यह जैपोर का मुंबई में आठवां स्टोर है, जो महाराष्ट्र में ब्रांड की मौजूदगी को और मजबूत करता है। साथ ही यह उन स्थानों के प्रति ब्रांड के स्वाभाविक जुड़ाव को भी दर्शाती है, जो जो अपनी ऐतिहासिक विरासत और रचनात्मक ऊर्जा के लिए जाने जाते हैं। 14, बालाजी भवन, हार्बर व्यू में स्थित यह 1,037 वर्ग फुट का स्टोर मुंबई के सबसे आकर्षक और यादगार रिटेल कॉरिडोर में अपनी जगह बना चुका है। कोलाबा कॉजवे हमेशा से सिर्फ.एक बाजार नहीं रहा, बल्कि यह कला, संस्कृति और कहानियों का संगम रहा है। पीढ़ियों से यहां यात्रियों, कारीगरों और कला प्रेमियों का आना-जाना रहा है। ऐसे में भारतीय शिल्प पर आधारित जैपोर के लिए यह स्थान स्वाभाविक और सार्थक लगता है। स्टोर का इंटीरियर जैपोर की विशिष्ट शैली–शांति, स्पर्शीय अनुभव और सामग्री की सामग्री की मौलिकता को दशार्ता है। यहाँ के म्यूटेड रंग, परतदार बनावट और हस्तशिल्प विवरण ऐसे वातावरण का निर्माण करते हैं जहाँ उत्पादों की सुंदरता और शिल्प ही इस अनुभव का केंद्र है। यह जगह धीरे-धीरे खोजने के लिए डिजाइन की गई है, ताकि ग्राहक कारीगरी की कहानियों को गहराई से महसूस कर सकें और ग्राहक प्रत्येक वस्तु के पीछे छुपी मेहनत, इतिहास और प्रक्रियाओं से जुड़ सकें।

# प्रो. मनुहार चौबे की काव्य-पुस्तक मनु का मनुहार का भव्य विमोचन समारोह संपन्न

**-प्रो डॉ दयानंद तिवारी**



**नागपुर(उत्तरशक्ति)।** नागपुर की उभरती हुई लेखिका एवं कवयित्री प्रो. मनुहार विजय चौबे के काव्य-संग्रह मनु का मनुहार का भव्य विमोचन समारोह नागपुर स्थित नक्षत्र बैंक्वेट में अत्यंत गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस साहित्यिक आयोजन में सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. दयानंद तिवारी (मुंबई), महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रो. डॉ. हनुमानप्रसाद शुक्ल, नागपुर के पूर्व महापौर एवं भाजपा शहराध्यक्ष डॉ. दयाशंकर तिवारी, तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शशिकांत शर्मा की विशिष्ट उपस्थिति रही। इन सभी मान्यवरों के शुभहस्ते पुस्तक का विमोचन संपन्न हुआ।

मनु का मनुहार काव्य-संग्रह में कुल 52 कविताएँ संकलित हैं। इस संग्रह में प्रकृति की पुकार, हृदय में नितिन जी, स्वयं को पहचानो, श्रेष्ठता, जीवन की सीख, बचपन सहित अनेक भावात्मक, चिंतनशील एवं जीवनोपयोगी विषयों को कवयित्री ने अपनी सशक्त लेखनी के माध्यम से शब्दों में पिरोया है। कविताएँ सरल भाषा में होते हुए भी गहन संवेदना और आत्मचिंतन की अनुभूति कराती हैं।

इस काव्य-संग्रह की भूमिका डॉ. दयानंद तिवारी द्वारा लिखी गई है। अपने संबोधन में उन्होंने मनु का मनुहार की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह काव्य-पुस्तिका मन की कोमल अनुभूतियों, सामाजिक सरोकारों और जीवन मूल्यों का सुंदर दस्तावेज है। उन्होंने संग्रह में निहित विषयों की साहित्यिक विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पूर्व महापौर डॉ. दयाशंकर तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पुस्तक की 52 कविताओं की तुलना सूर्य भगवान की 52 किरणों से की और रथ सप्तमी के पावन संदर्भ में कविताओं की ऊर्जा, प्रकाश और सकारात्मकता को रेखांकित किया।

प्रो. डॉ. हनुमानप्रसाद शुक्ल एवं डॉ. शशिकांत शर्मा ने भी अपने उद्बोधन में प्रो. मनुहार चौबे के साहित्यिक व्यक्तित्व की सराहना करते हुए इस काव्य-संग्रह को भावनात्मक परिपक्वता और सृजनात्मक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया तथा उनके उज्ज्वल साहित्यिक भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, साहित्यप्रेमी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रो. मनुहार चौबे को इस साहित्यिक उपलब्धि के लिए बधाइयाँ एवं शुभेच्छाएँ दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रो. मनुहार चौबे ने अपने आभार-प्रदर्शन में अपने मार्गदर्शक डॉ. दयानंद तिवारी के प्रति विशेष कृतज्ञता व्यक्त की तथा अपनी सफलता का श्रेय भगवान श्री महागणेश एवं अपने जीवनसाथी विजय चौबे को दिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, साहित्यप्रेमियों एवं आयोजकों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हिमालया वेलनेस और आरसीबी महिला टीम ने हाथ मिलाया



**पटना(उत्तरशक्ति)।** भारत के नंबर 1 फेस वॉश ब्रांड हिमालया वेलनेस ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 1डरवुमन अकादमी का अनावरण किया। यह शुरूआत 1डरवुमन पहल की गति को आगे बढ़ाते हुए, जो युवा लड़कियों को चुनौतियों से उबरने में सहायता करती है और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्रों में नंबर 1 बनने के लिए प्रेरित करती है। यह प्लेटफॉर्म युवा लड़कियों और उनकी पसंदीदा महिला क्रिकेटरों के बीच की दूरी को कम करणे के लिए तैयार किया गया है। 1डरवुमन अकादमी महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए असली और ठोस मौके देने के उद्देश्य से बनाई गई है। इस पहल का मूल आधार एक संवाद-आधारित, इंटरएक्टिव अनुभव है जो मेंटरशिप को पहले से कहीं अधिक सुलभ बनाता है। 1डरवुमन अकादमी के माध्यम से, हिमालया वेलनेस देश भर की उभरती हुई युवा क्रिकेटरों को आमंत्रित कर रहा है, जहां वे 100 स्कॉलरशिप में से किसी एक को पाने का अवसर हासिल कर सकती हैं। इसके साथ ही उन्हें आरसीबी महिला टीम से सीधे प्रेरणादायक सामग्री, क्रिकेट से जुड़े इनसाइट्स और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला मार्गदर्शन भी मिलेगा। एक इंटरैक्टिव चैटबॉट के रूप में डिजाइन की गई यह अकादमी, आरसीबी टीम के स्वागत संदेश से शुरू होती है और आरसीबी की महिला खिलाड़ियों से मिलने वाली व्यक्तिगत प्रतिक्रियाओं और सुझावों तक जाती है। इस पहल के शुभारंभ पर बात करते हुए, राजेश कृष्णमूर्ति, बिजनेस डायरेक्टर झ कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिवीजन, हिमालया वेलनेस कंपनी, ने कहा,हृहिमालया में, हमारा दृष्टिकोण ऐसी उद्देश्यपूर्ण पहलों की शुरूआत पर आधारित है जो परिणामों के रूप में प्रभाव दिखाएं।

# टीमलीज एडटेक की आईआईएम मुंबई के साथ साझेदारी

**मुंबई।** भारत के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट मुंबई (आईआईएम मुंबई) ने दो नए एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्रामों में प्रवेश की घोषणा की है– डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एवं एआई पर एग्जीक्यूटिव सर्टिफिकेट प्रोग्राम और स्ट्रैटेजिक सेल्स एवं एआई-ड्रिवन मार्केटिंग पर एग्जीक्यूटिव सर्टिफिकेट प्रोग्राम। ये प्रोग्राम उन अनुभवी पेशेवरों और वरिष्ठ प्रबंधकों के लिए तैयार किए गए हैं जो तकनीक-संचालित बदलाव, बाजार में हो रहे परिवर्तनों और बदलती ग्राहक अपेक्षाओं के बीच संगठनों का नेतृत्व करना चाहते हैं। भारत की अग्रणी लर्निंग और एम्प्लॉयबिलिटी सॉल्यूशंस प्रदाता टीमलीज एडटेक के सहयोग से विकसित इन दोनों प्रोग्रामों को हाइब्रिड मॉडल में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें वीकेंड लाइव ऑनलाइन सत्र, इमर्सिव कैंपस मॉड्यूल्स और एक कैपस्टोन प्रोजेक्ट शामिल हैं। प्रतिभागियों को एआई के वास्तविक व्यावसायिक अनुप्रयोगों, डेटा-आधारित रणनीति, इंडस्ट्री 4.0 फ्रेमवर्क्स, डिजिटल वैल्यू क्रिएशन, उन्नत बिक्री रणनीतियों और एआई-सक्षम मार्केटिंग निर्णय प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एवं एआई पर एग्जीक्यूटिव सर्टिफिकेट प्रोग्राम एंटरप्राइज-स्तरीय परिवर्तन, उभरती तकनीकों का रणनीतिक संरेखण, बिजनेस मॉडल नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और डिजिटल अर्थव्यवस्था में नेतृत्व पर केंद्रित है। वहीं, स्ट्रैटेजिक सेल्स एवं एआई-ड्रिवन मार्केटिंग पर एग्जीक्यूटिव सर्टिफिकेट प्रोग्राम राजस्व वृद्धि, गो-टू-मार्केट रणनीतियों के अनुकूलन, ग्राहक इनसाइट्स के लिए एआई के उपयोग, बिक्री प्रभावशीलता बढ़ाने और डेटा-आधारित मार्केटिंग संगठनों के निर्माण हेतु आधुनिक फ्रेमवर्क्स प्रदान करता है। दोनों प्रोग्रामों में प्रतिभागियों को आईआईएम मुंबई के संकाय सदस्यों, उद्योग विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों के सहकर्मी पेशेवरों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा, जिससे समृद्ध सीखने का अनुभव और मजबूत पेशेवर नेटवर्क विकसित होगा।

## टीवी देखा, मनचाही चीजें खाईं, चोरों ने इत्मिनान से साफ कर दिया पूरा घर

वाराणसी ( उत्तरशक्ति )। जनपद के शिवपुर थाना क्षेत्र के इंद्रपुर के जमुना नगर कॉलोनी में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। चोर वारदात के दौरान घर में रखी रेवड़ियां खाते रहे और टीवी भी देखते रहे। चोर घर में रखे 50 हजार नकदी और 10 लाख रुपये मूल्य के आभूषण लेकर चंपत हो गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज खंगाल रही है। अमरनाथ दुबे के मकान में सुशील कुमार सेठ किराये पर कमरा लेकर रहते हैं। उनका परिवार पारिवारिक कार्यक्रम में भदोही गया हुआ था। उसी दौरान रात में पहुंचे चोरों ने घर को खंगाल दिया। चोरों ने बडे इत्मिनान से घटना को अंजाम दिया। इस दौरान टीवी देखा और घर में रखी रेवड़ियां भी खाईं। उसके बाद एक-एक कमरों में रखे नकदी और आभूषण समेट लिए। उसके बाद चलते बने। भुक्तभोगी का परिवार दूसरे दिन जब घर पहुंचा तो कमरों का ताला टूटा और सामान्य अस्त-व्यस्त देख उनके होश उड़ गए। बताया कि मुख्य गेट का ताला बंद था। चोर दूसरे रास्ते से घर में घुसे। 50 हजार नकदी और 10 लाख के आभूषण चोरी होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें दो बाइक पर चार लोगों को घर के अंदर जाते देखा गया। पुलिस ने घटना का जल्द खुलासा करने का भरोसा दिलाया है।

## गुड गेम ने समांथा और ऋषभ पंत को ग्लोबल एंबेसडर बनाया

पटना। गुड गेम, दुनिया का पहला लाइव ग्लोबल गेमिंग रियलिटी शो, जो भारत के पहले ग्लोबल गेमिंग सुपरस्टार की तलाश में है, ने भारत में अपनी शुरूआत का ऐलान किया है। जानी-मानी एक्ट्रेस, एंटरप्रेन्योर और यूथ आइकन सामंथा रुथ प्रभु को भारत के सबसे डायनामिक क्रिकेट आइकन ऋषभ पंत और भारत के सबसे प्रभावशाली गेमिंग क्रिएटर्स में से एक उज्ज्वल चौरसिया (टेक्नो गेमर्ज.) के साथ ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। गुड गेम ने एक करोड़ रुपये की भारी-भरकम पुरस्कार राशि की भी घोषणा की, जो भारत में किसी भी रियलिटी शो के विजेता के लिए सबसे अधिक राशियों में से एक है, साथ ही वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी प्रदान किया गया।

## आजमगढ़ः निजी प्रसव केंद्र की लापरवाही से प्रसूता की मौत, अस्पताल सीज

### आपरेशन के बाद बिगड़ी हालत, समय पर रेफर न करने का आरोप, परिजनों का हंगामा, संचालक फरार




आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के लाटघाट बाजार में संचालित मां शारदा महिला प्रसव केंद्र में एक प्रसूता की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। यह निजी प्रसव केंद्र लाटघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महज कुछ सौ मीटर की दूरी पर संचालित हो रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रौनापार थाना क्षेत्र के जमीन बेलकुंडा गांव निवासी मिंधू पटेल अपनी पहली डिलीवरी के लिए मायके रैचंदपट्टी आई हुई थीं। 24 जनवरी को परिजनों ने उन्हें मां शारदा महिला प्रसव केंद्र में भर्ती कराया। 25 जनवरी को आपरेशन के जरिए उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया, जिसे हालत नाजुक होने पर शहर के एक निजी अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती कराया गया। इसी दौरान आपरेशन के बाद प्रसूता की हालत लगातार बिगड़ती चली गई, लेकिन परिजनों का आरोप है कि अस्पताल संचालक ने समय रहते उन्हें उच्च केंद्र पर रेफर करने से इनकार कर दिया। 27 जनवरी को स्थिति गंभीर होने पर परिजन उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात प्रसूता की मौत हो गई। प्रसूता की मौत की खबर मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया, लेकिन तब तक अस्पताल संचालक मौके से फरार हो चुका था। परिजनों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस चौकी के जिम्मेदार केवल आश्वासन देते रहे और तहरीर देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। न्याय न मिलने से क्षुब्ध परिजन एसएसपी कार्यालय पहुंचे, जहां शिकायत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही सीएमओ कार्यालय से तैनात डॉक्टर आलेन्द्र कुमार लाटघाट पहुंचे और अस्पताल को सीज कर दिया। इस संबंध में जीयनपुर कोतवाल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है और सीएमओ कार्यालय से पत्र मिलते ही मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएमओ नन्हकू राम वर्मा ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है, अस्पताल को सीज कर दिया गया है और लाटघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी द्वारा स्थानीय थाने में घटना के जिम्मेदारों के खिलाफ तहरीर भी दी जा चुकी है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध निजी अस्पतालों के कारण जान गंवाने वाली इस प्रसूता को न्याय मिल पाएगा, या फिर पूर्व की तरह कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह जाएगी।

## एस.पी. वर्मा रोड में एसर के दूसरे एक्सक्लूसिव स्टोर का उद्घाटन

पटना। दुनिया की अग्रणी टेक्नोलॉजी कंपनी एसर ने पटना में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ किया। यह नया स्टोर राजधानी के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र एस.पी. वर्मा रोड पर स्थित है, जहां ग्राहकों को एसर के अत्याधुनिक तकनीकी उत्पादों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा। इस एक्सक्लूसिव स्टोर का संचालन मयंक ट्रेडर्स द्वारा किया जा रहा है। स्टोर में एसर के नवीनतम लैपटॉप, प्रीमियम गेमिंग डिवाइस, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सिस्टम और आधुनिक तकनीकी समाधानों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है।

## चाइनीज वोक ने लॉन्च किया वोक एफएम, भारत का पहला क्यूएसआर-ओन्ड म्यूज़िक यूनिवर्स

मुंबई। भारत की सबसे बड़ी स्वदेशी देसी चाइनीज क्यूएसआर चेन, चाइनीज वोक ने वोक एफएम का अनावरण किया है – जो क्यूएसआर ब्रांड्स के लिए युवाओं से जुड़ने का एक बिल्कुल नया और अनोखा तरीका है। इस पहल की शुरूआत दो ओरिजिनल एल्बमों से हुई है Get Wok'D Tonight, जो हाई-एनर्जी प्लेलिस्ट है और चाइनीज वोक के मूड के साथ भूख और जोश को बढ़ाती है, तथा क्रिकेट एंड क्रॉसिंग्स, जो भारत के सबसे पसंदीदा खेल क्रिकेट और देसी चाइनीज बाउल्स के साथ उसके आनंद का जश्न मनाती है। कई जॉनर, मूड और क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार किया गया वोक एफएम, इन-स्टोर अनुभव को एक सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव वाला और इमर्सिव स्पेस बनाता है। अब वोक एफएम देशभर के 250+ हाई-स्ट्रीट स्टोर्स में बज रहा है, जिससे चाइनीज वोक भारतीय क्यूएसआर सेक्टर में सबसे बड़े यूथ-फेसिंग इन-स्टोर साउंडस्केप्स में से एक बना रहा है। क्रिकेट एंथम्स, त्योहारों से जुड़े गाने, मजेदार ब्रांड-लेड ट्रैक्स और कन्नड़, तमिल, तेलुगु, गुजराती, बंगाली, पंजाबी और मराठी जैसी क्षेत्रीय भाषाओं के गीत – ये सभी चाइनीज वोक की युवा और चंचल पहचान को दशार्ते हैं। यह म्यूज़िक ब्रांड की गहरी सांस्कृतिक समझ और क्रिएटिव क्यूरेशन से तैयार की गई एक विशिष्ट और पहचान योग्य सॉनिक आइडेंटिटी बनाता है। एक लॉन्ग-टर्म ब्रांड प्लेटफॉर्म और स्केलेबल ओन्ड मीडिया एसेट के रूप में परिकल्पित, वोक एफएम के सभी ट्रैक्स पूरी तरह ओरिजिनल मेलोडी और लिरिक्स के साथ बनाए गए हैं। इसके साथ ही वोक एफएम एक ऐसा ब्रांड-ओन्ड मीडिया चैनल बन गया है जो किसी एक कैंपेन या प्लेटफॉर्म पर निर्भर नहीं है। यह चाइनीज वोक को युवाओं से सीधे और लगातार संवाद करने की सांस्कृतिक आवाज देता है और ब्रांड को उन चुनिंदा वैश्विक क्यूएसआर और रिटेल खिलाड़ियों की श्रेणी में शामिल करता है जिन्होंने बड़े स्तर पर एक मल्टी-लैंग्वेज म्यूज़िक इकोसिस्टम तैयार किया है।

## समाज की तरक्की में अहम भूमिका निभाएंगे अजीत प्रजापति : मौलश्री चित्रवंशी

### स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की टीम ने नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत व सम्मान



शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। निष्ठा, परिश्रम और कर्तव्यनिष्ठा का फल एक न एक दिन अवश्य मिलता है। इसी का प्रत्यक्ष उदाहरण विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी द्वारा अजीत प्रजापति को जौनपुर जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया जाना है। यह नियुक्ति उनके दशकों के संगठनात्मक समर्पण और समाजसेवा का प्रमाण है। बुधवार की सुबह नगर स्थित सुशीला देवी मेमोरियल हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मौलश्री चित्रवंशी एवं डॉ. प्रेमचंद चित्रवंशी अपने सहयोगियों और शुभचिंतकों के साथ क्षेत्र के अड़नपुर स्थित नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति के आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक के शाहगंज संवाददाता विशाल सोनी से बातचीत में डॉ. मौलश्री चित्रवंशी ने कहा कि अजीत प्रजापति वर्षों से पार्टी और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्हें मिली यह बड़ी जिम्मेदारी निश्चित ही समाज के पिछड़े, गरीब, शोषित और वंचित वर्गों की आवाज बनेगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास और प्रगति में उनका योगदान महत्वपूर्ण होगा। वहीं स्वागत से अभिभूत भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि समाज और क्षेत्र की तरक्की तथा आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश धुरिया, अशोक राजभर, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, मोनू पंडित, अनिल प्रजापति, अशोक बिंद, बृजेश कुमार गौतम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बाइक सवार पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से हुआ घायल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। महाराजगंज थाना क्षेत्र राजमार्ग पर बाइक सवार पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार वाराणसी में चल रहा है। बताया जाता है कि बकशा हम थाना क्षेत्र के उटरू कला गांव निवासी इंद्रसेन निषाद उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र चंद्रभान निषाद बुधवार सुबह बाइक से महाराजगंज जाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान जैसे ही महाराजगंज राजमार्ग पर पहुंचा ही था कि बाइक अचानक असंतुलित हो गई जिसके चलते वह पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सा पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां से भी चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर वाराणसी के लिए भेज दिया।

## मुफ्तीगंज में जमीन विवाद का मामला मुफ्तीगंज कोनिया गांव में एक व्यक्ति घायल

मुफ्तीगंज, जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। केराकत थाना क्षेत्र के कुनिया गांव में स्थित यादव बस्ती में जमीन विवाद को लेकर हवाई फायरिंग हुई इस दौरान लाठी डंडे भी चले। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार कोनिया गांव की यादव बस्ती में मुन्ना यादव और सत्यदेव यादव के बीच आबादी की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस संबंध में दोनों पक्षों के बीच मुकदमा भी लंबित है। बुधवार को मुन्ना यादव उसे विवादित जमीन पर नींव खोद कर मकान बनाना चाह रहे थे। सत्यदेव यादव ने इसका विरोध किया जिसके बाद दोनों पक्षों में कहा सुनी बढ़ गई बात इतनी बढ़ी की मुन्ना यादव की तरफ से तीन बार राउंड हवाई फायरिंग की गई। हवाई फायरिंग के बाद दोनों तरफ से लाठी डंडे भी चले। इसमें सत्यदेव यादव के भाई मनोज यादव को चोटें आई सूचना मिलने पर केराकत कोतवाली और मोतीगंज चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मनोज को इलाज के लिए पीएचसी भिजवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुन्ना यादव और सत्यदेव यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## समस्या को छिपाए नहीं खुलकर बताएं : थानाध्यक्ष

### श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर में महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सुइथाकला क्षेत्र के श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर में बुधवार को महिला सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। गांधी स्मारक विद्यालय संकुल के प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू, स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त डॉ रणजीत सिंह और थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह के हाथों उत्तर-प्रदेश दिवस पर आयोजित रंगोली, भाषण, प्रश्नोत्तरी और पोस्टर प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया गया। जागरूक करते हुए कहा कि उनके साथ यदि किसी प्रकार का उत्पीड़न होता है तो समस्याओं को छुपाए नहीं बल्कि खुलकर बताएं। थानाध्यक्ष ने कहा कि आपके माता-पिता और भाई से बड़ा हितैषी कोई नहीं हो सकता इसलिए उनसे अपनी समस्या स्पष्ट रूप से बताएं। यदि कोई भी मनचला उन्हें बेवजह परेशान करता है या छेड़छाड़ करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। इसके लिए शासन ने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर डायल करें, आपकी शिकायत तुरंत सुनी जाएगी। पुलिस आपकी सेवा और सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है और आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत, पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि समाज में सम्मान पाने के लिए बेटियों का शिक्षित होना जरूरी है। बेटियां तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में पूरे देश में सफलता का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता की बुलंदियों को छूने के लिए, कठिन परिश्रम, त्याग और समर्पण जरूरी है। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करके तैयारी करने पर सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि प्रशासनिक सेवाओं, न्याय, अंतरिक्ष, विज्ञान, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू और प्रधानाचार्य डॉ अजेय प्रताप सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सरकार और प्रशासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए पुलिस का आभार प्रकट किया। संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता विनय त्रिपाठी ने किया।

## बेबुनियाद और मनगढ़ंत लगाए गए है मेरे ऊपर आरोप : अध्यक्ष फिरोज खान



-इम्तियाज अहमद

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। नगर पंचायत कजगांव के अध्यक्ष फिरोज खान ने अपने ऊपर लगाए गए तमाम आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं और दूषित राजनीतिक से प्रेरित है। अभी कुछ महीने पहले मेरे ऊपर हमला कराया गया था जिसकी शिकायत हमने थाने में दर्ज कराई थी। आगे उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि नगर पंचायत में बहुत सारे विकास कार्य कराए गए हैं। सरकार द्वारा बजट के माध्यम से भी सहयोग किया जा रहा है। नगर पंचायत की ज्यादातर जनता हमारे द्वारा कराए गए कार्यों से संतुष्ट है। कुछ लोग झूठे आरोप लगाकर हमारी छवि खराब करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। नगर पंचायत की जनता हमारे साथ है। विदित हो कि नगर पंचायत के कुछ सभासदों द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अध्यक्ष के ऊपर गड़बड़ी और धमकी देने का आरोप लगाया गया था।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित एवं पुराने वादों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निर्विवाद वरासत संबंधी प्रकरणों का निस्तारण संबंधित एसीओ द्वारा समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, एसओसी शैलेंद्र, डीडीसी रामकिशोर पांडेय सहित चकबंदी विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पालघर मार्केट यार्ड में ट्रेडिंग कॉम्प्लेक्स और प्रशासनिक इमारत का भूमिपूजन



पालघर। पालघर एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस मार्केट कमेटी के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज पालघर ईस्ट स्थित मेन मार्केट यार्ड, वेवुरझनंदोर नाका परिसर में नए प्रशासनिक कार्यालय भवन तथा गांधीनगर, पालघर ईस्ट के सब-मार्केट में आधुनिक ट्रेडिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण का भूमिपूजन समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य के वन मंत्री एवं पालघर जिले के गार्जियन मिनिस्टर माननीय श्री गणेश नाईक विशेष रूप से उपस्थित रहे और उनके कर-कमलों से इस विकास कार्य का शुभारंभ किया गया। इन विकास परियोजनाओं के पूर्ण होने से व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही मार्केट कमेटी के कार्यों में पारदर्शिता और कार्यक्षमता को भी मजबूती मिलेगी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पालघर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सवारा, पालघर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र गावित, प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

## अब पालतू जानवर भी रहेंगे सुरक्षितः बोरिवली वेस्ट में शुरू हुआ 24.7 एनिमल हॉस्पिटल 'ब्लूम वेट'




मुंबई। बोरिवली वेस्ट के पेट पैरेंट्स के लिए यह किसी बड़ी राहत से कम नहीं है। वर्षों से जिस सुविधा का इंतजार किया जा रहा था, वह अब हकीकत बन चुकी है। 'ब्लूम वेट' नामक अत्याधुनिक एनिमल हॉस्पिटल ने अपने दरवाजे 24.7 खोल दिए हैं, जिससे अब पालतू जानवरों को दिन हो या रात, हर समय विशेषज्ञ पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी। अब तक आपात स्थिति में पालतू जानवरों को लेकर पेट पैरेंट्स को अंधेरी या परेल जैसे दूर इलाकों तक रात के समय एक घंटे से भी ज्यादा की यात्रा करनी पड़ती थी। यह न सिर्फ. तनावपूर्ण था, बल्कि कई बार इलाज में देरी की वजह भी बन जाता था। 'ब्लूम वेट' की 24.7 सुविधा इस समस्या का सीधा और असरदार समाधान लेकर आई है। वरिष्ठ पालतू जानवरों, लंबे समय से बीमार पशुओं या अचानक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे पेट्स के लिए तत्काल चिकित्सा सुविधा बेहद जरूरी होती है। 'ब्लूम वेट' में अब इमरजेंसी ट्रीटमेंट, चोटों का इलाज, त्वरित डायग्नोस्टिक्स और जरूरी मेडिकल हस्तक्षेप स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा – वह भी बिना समय की पाबंदी के। क्लिनिक के चौबीसों घंटे संचालन से पेट पैरेंट्स को न केवल समय पर इलाज की सुविधा मिलेगी, बल्कि मानसिक सुकून भी मिलेगा। स्थानीय निवासियों ने इस विस्तार का गर्मजोशी से स्वागत किया है और इसे इलाके के लिए एक बेहद जरूरी और सकारात्मक पहल बताया है। आज जब पालतू जानवर परिवार के सदस्य की तरह माने जाते हैं, ऐसे में बोरिवली वेस्ट में ब्लूम वेट' जैसे भरोसेमंद 24.7 एनिमल हॉस्पिटल की मौजूदगी पालतू जानवरों के स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के साथ-साथ पेट पैरेंट्स के भरोसे और आत्मविश्वास को भी मजबूत करेगी।

## टी डी इंटर कॉलेज के प्राचार्य की माता का निधन हुई शोक सभा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। टीडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह के माता का आकस्मिक निधन हो गया। इस मौके पर पूरा विद्यालय परिवार शोकाकुल एवं मर्माहत है। विद्यालय के मुख्य भवन में एक शोकसभा राजेश कुमार सिंह एवं बालिका भवन में कपिल देव सिंह के नेतृत्व में आयोजित कर उनकी माता को 2 मिनट का मौन रखकर सादर एवं विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र, छात्राएं उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

## प्रजापति समाज मुंबई का 46वां वार्षिकोत्सव संपन्न






मुंबई (उत्तरशक्ति)। प्रजापति समाज मुंबई का 46वां वार्षिक उत्सव भायंदर पूर्व स्थित राहुल क्रीड़ा स्थल ग्राउंड में बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यवसायिक विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान समाज के बुद्धिजीवी वर्ग ने शिक्षा, व्यवसाय एवं समाज की उन्नति को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वहीं समाज के होनहार छोटे-छोटे बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूना से आए राजेश प्रजापति, चेयरमैन, प्रजापति फाउंड्री ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली एवं बुद्धिजीवी लोग मौजूद हैं। इतनी बड़ी संख्या में समाज के बंधुओं को एक साथ देखकर वे स्वयं को गर्वान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने समाज में शिक्षा एवं रोजगार को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारा समाज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, नई पीढ़ी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर उच्च पदों पर कार्यरत है। लेकिन जब तक समाज के वंचित वर्ग को शिक्षा से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक समाज पूर्ण रूप से विकास की राह पर आगे नहीं बढ़ सकता। संस्था के अध्यक्ष प्रोफेसर राम जन्म प्रजापति ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज के होनहार बच्चों एवं युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है, ताकि उनके अनुभवों से आने वाली पीढ़ी सीख लेकर अपने विकास का मार्ग प्रशस्त कर सके। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित अरुण कुमार प्रजापति (पुणे), व्यवसायी रामचंद्र प्रजापति, एडवोकेट रामसूरत प्रजापति सहित अन्य वक्ताओं ने भी समाज की एकता, आर्थिक सशक्तिकरण एवं शिक्षा को बढ़ावा देने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के संस्थापक सदस्य डी.एन. प्रजापति, आर.बी.के. प्रजापति के साथ शरद प्रजापति, राम जन्म प्रजापति, नंदकिशोर, सतीश, इंद्रबली, धर्मराज प्रजापति, अखिलेश, सुनील, संजय, प्रजापति, रविंद्र प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, हरिवंश प्रजापति, रामचंद्र, जयशंकर, सचिन, दिलीप, धर्मवीर, अमरनाथ, रामसुरेश, मिथुन, प्रकाश, सदाबृज, आनंद मास्टर, बुधीराम, लालधर, अवधनाथ, राजेंद्र, मंगला, रामवचन, महेश,चंदन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुंबई में सोनकर खटिक समाज का 22वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न



मुंबई (उत्तरशक्ति)। सोनकर (खटिक) समाज विकास मंच, मुंबई द्वारा सोनकर खटिक समाज मुंबई का 22वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन ब्राह्मण सेवा संघ, दादर (पश्चिम), मुंबई में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक आर. डी. सोनकर ने की, जबकि संयोजन श्रीमती रानुदेवी आर. डी. सोनकर द्वारा किया गया। सम्मेलन में प्रमुख अतिथि के रूप में जौनपुर (उ.प्र.) के पूर्व सांसद विद्यसागर सोनकर उपस्थित रहे। साथ ही मुंबई भाजपा अध्यक्ष व विधायक अमित साटम, सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशीष शेलार, मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा सहित समाज के अनेक वरिष्ठ व सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों का शाल, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रशांत त्रिपाठी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। लगभग 150 से अधिक समाजबंधु अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन आर. डी. सोनकर ने किया। अंत में उपस्थित सभी अतिथियों एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अगर चाहें तो मैं इसे अखबार प्रकाशन, सोशल मीडिया पोस्ट, या और भी छोटा कटिंग न्यूज वर्ज़न में भी ढाल सकता हूँ।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार




खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति )। थानाध्यक्ष खेतासराय के नेतृत्व में थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा आज दिनाँक 28.01.2026 को मुखबीर खास की सूचना पर 01 अभियुक्त सचिन कुमार पुत्र मुन्नर राम निवासी मानीकलाँ थाना खेतासराय जिला जौनपुर को मानीकलाँ रोड ग्राम गुरैनी से गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से 01 नजायज तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 17/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सचिन कुमार पुत्र मुन्नर राम निवासी मानीकलाँ थाना खेतासराय जिला जौनपुर पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।